राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

घर की सफाई करने में आता है आलस...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 10 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 51 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## राज्यसभा में पीएम मोदी के भाषण को विपक्ष ने किया बाधित, मोदी-अडानी भाई भाई के लगाये नारे

संसद बजट सत्र अपडेटरू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दे रहे हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि थी आखिरी स्पीकर के प्रस्ताव पर बोलने के बाद पीएम मोदी गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक जवाब देंगे। अब पीएम मोदी राज्यसभा में बोल रहे हैं। चालू बजट सत्र में अडानी मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। विपक्ष अडानी समूह पर हिंडनबर्ग फर्म द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की मांग कर रहा है। बुधवार को, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), वामपंथी दलों और कांग्रेस के कुछ सदस्य नारे लगाते हुए लोकसभा से बाहर चले गए, क्योंकि पीएम मोदी बोल रहे थे।

राज्यसभा में लगे मोदी–अडानी भाई भाई के नारे

विपक्षी दल सदन में नारेबाजी कर रहे हैं और श्मोदी–अडानी भाई भाईश के नारे लगा रहे हैं। राज्यसभा के सभापति सदस्यों से मर्यादा का पालन करने और अपनी सीट लेने के लिए कह रहे हैं। विपक्षी सदस्यों ने पीएम मोदी के भाषण को बाधित किया, अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की जेपीसी जांच की मांग करते हुए वेल ऑफ द हाउस में विपक्षी पार्टियां लगातार सदन में श्मोदी–अडानी भाई भाईश के नारे लगा रही हैं जबकि पीएम मोदी का बोलना जारी है। विपक्षी दल श्मोदी जी शर्म करोश के नारे लगा रहे हैं।



राज्यसभा में पीएम मोदी 2.0

राज्यसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल मंशा व्यक्त करने से काम नहीं चलता, गति, दिशा और विकास का परिणाम मायने रखता है। पीएम मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का अर्थ है कि सरकार का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने कहा, यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता है। देश हमारे साथ है। उन्होंने कई बार कांग्रेस को खारिज किया है। राज्यसभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2014 तक आधी से ज्यादा आबादी बिना बैंकिंग सुविधाओं के, अब पिछले 9 सालों में 48 करोड़ खाते खुले। हमारी सरकार की नीतियां देश के सामने मौजूद मुद्दों का स्थायी समाधान खोजने पर केंद्रित हैं। हमने टेक्नोलॉजी की ताकत से वर्किंग कल्चर को बदला है। स्पीड बढ़ाने और स्केल बढ़ाने पर है हमारा फोकस है।

राज्यसभा में विपक्ष लगातार नारेबाजी कर रहा है जबकि पीएम मोदी बोल रहे हैं– पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। वे (कांग्रेस) श्गरीबी हटाओश कहते थे, लेकिन 4 दशकों से अधिक समय तक कुछ नहीं किया। जबकि हम देश के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मोशन ऑफ थैंक्स के दौरान राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा खड़गे जी शिकायत करते हैं कि मैं कालाबुरागी जाता हूं। उन्हें वहां के काम को देखना चाहिए। कर्नाटक में कालाबुरगी में 8 लाख से अधिक खातों सहित 1.70 करोड़ जन धन बैंक खाते खोले गए हैं। इतने सारे लोग सशक्त हो रहे हैं, जबकि किसी का खाता बंद हो रहा है, मैं दर्द समझ सकते हैं।

### वोटर कांग्रेस को नकार रहे हैं : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, ष्आम लोगों के सशक्तिकरण की बात करते हुए– हमने जन धन खाता आंदोलन शुरू किया। पिछले 9 वर्षों में देश भर में 48 करोड़ जन धन खाते खोले गए।ष भाजपा ने सभी के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, ष्हम सभी को बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ष हमारी सरकार ने पिछले 3–4 वर्षों में 11 करोड़ घरों में पीने योग्य पानी की आपूर्ति की है, जो 2014 से पहले केवल 3 करोड़ थी।

### बीजेपी ने भारत में कांग्रेस का खाता बंद कर दिया हैः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा मैं कांग्रेस की दुर्दशा को समझ सकता हूं। बीजेपी ने भारत में कांग्रेस का खाता बंद कर दिया है। पिछले 3–4 साल में करीब 11 करोड़ घरों में नल के पानी के कनेक्शन दिए गए हैं। आम लोगों के सशक्तिकरण की बात करते हुए– हमने जनधन खाता आंदोलन शुरू किया। पिछले 9 सालों में देशभर में 48 करोड़ जनधन खाते खोले गए।

## इंदिरा गांधी ने 50 चुनी हुई सरकारों को गिराया

### पीएम मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस को याद दिलाया इतिहास



नई दिल्ली। केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को परेशान करने के आरोपों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह संघवाद के महत्व को समझते हैं क्योंकि उन्होंने लंबे समय तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में भी काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने बार–बार ष्सहयोगी–प्रतिस्पर्धी संघवादष पर जोर दिया है। हमने अपनी नीतियों में राष्ट्रीय प्रगति को ध्यान में रखा है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को भी संबोधित किया है। अनुच्छेद 356 के तहत आपातकालीन शक्तियों को लागू करके राज्य मशीनरी पर नियंत्रण रखने के अपने इतिहास के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये सबसे पुरानी पार्टी थी जिसने संवैधानिक प्रावधानों का सबसे अधिक दुरुपयोग किया और निर्वाचित राज्य सरकारों को अपनी इच्छा से गिरा दिया। पीएम मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने बिजनेसमैन गौतम अडानी को लेकर नारे भी लगाए लेकिन फिर भी वो लगातार बोलते रहे। पीएम मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, एक प्रधानमंत्री ने अर्धशतक लगाते हुए 50 बार श्अनुच्छेद 356श का इस्तेमाल किया। वह नाम श्रीमती इंदिरा गांधी जी का है। उन्होंने कांग्रेस का पक्ष लेने के लिए वामपंथी दलों पर भी निशाना साधा और उन्हें याद दिलाया कि कैसे नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार ने केरल में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई पहली कम्युनिस्ट सरकार को खारिज कर दिया था।

## त्रिपुरा विधानसभा चुनावः भाजपा के संकल्प पत्र में कई बड़ी घोषणाएं, नड्डा ने जनता से मांगे और 5 साल

अगरतला । त्रिपुरा विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने आज अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया जिसमें कई लोक लुभावन घोषणाओं की भरमार है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य की राजधानी अगरतला में मुख्यमंत्री माणिक साहा तथा अन्य पार्टी नेताओं की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि त्रिपुरा की जनता को यह भी देखना चाहिए कि क्या इससे पहले शासन करने वाली कोई भी पार्टी जनता के बीच अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आई थी। उन्होंने जनता से भाजपा को एक बार फिर पांच साल का अवसर देने की अपील करते हुए कहा कि त्रिपुरा का तीव्र गति से विकास सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र की चर्चा के साथ ही मैं इसके महत्व की भी चर्चा करता हूं। दूसरी पार्टी घोषणा पत्र लाती है तो उसे उनकी पार्टी के लोग ही महत्व नहीं देते लेकिन ठश्रच कोई प्रतिबद्धता देती है तो उसे लोग समझते हैं और देश के लोग इंतजार करते हैं कि ठश्रच का संकल्प पत्र क्या होगा। ठश्रच अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी पार्टी ने राजनीतिक संस्कृति बदल दी है क्योंकि हम अपने काम का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश करते हैं।



### संकल्प पत्र की प्रमुख बातें इस प्रकार हैं-

भाजपा आदिवासी क्षेत्रों के लिए अधिक स्वायत्तता, किसानों की आर्थिक सहायता और रबर आधारित उद्योग के विशिष्ट–विनिर्माण क्षेत्रों में वृद्धि करेगी।

धार्मिक गुरु अनुकुल चंद्र के नाम पर सभी के लिए पांच रुपये की भोजन योजना शुरू करने के साथ ही अगरतला में एक क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान की स्थापना भी की जाएगी।

त्रिपुरा को 'डीटीएचश– विकास (डिवेलपमेंट), परिवर्तन (ट्रांसफॉर्मेशन) और सद्भाव (हार्मनी) के रास्ते पर ले जाया जायेगा।

घोषणापत्र में कहा गया है कि प्रत्येक बालिका को 50,000 रुपये का बालिका समृद्धि बांड दिया जाएगा, जबकि आदिवासी भाषा 'कोकबोरोक' को सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम में विषय के रूप में शामिल किया जाएगा।

रबर और बांस पर आधारित उद्योग–विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र स्थापित किये जायेंगे।

6,000 रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को बढ़ाया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा 2,000 रुपये और प्रदान किए जाएंगे।

आदिवासी क्षेत्रों के लिए विधायी, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों सहित अधिक स्वायत्तता दी जाएगी।

## फैक्टरी में तेल के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से सात मजदूरों की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में एक फैक्टरी में तेल के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से सात मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा 'जी रागमपेट' में सुबह करीब सात बजे हुआ। प्राथमिकी सूचना के अनुसार जान गंवाने वाले मजदूर पेद्दापुरम मंडल के पदेरू और पुलीमेरू के निवासी थे। एक चश्मदीद ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति पहले टैंक में घुसा और वह जब बाहर नहीं आया तो बाकी मजदूर अंदर गए। मजदूरों के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि फैक्टरी प्रबंधन ने मजदूरों को उचित सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या



कोटा। कोटा के कुन्हारी इलाके में एक बहुमंजिली इमारत के दसवें तल से छलांग लगाकर 17 साल की एक नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि छात्रा बुधवार शाम करीब सात बजे इमारत की 10वीं मंजिल से कूद गई। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने छात्रा के खुदकुशी करने की पुष्टि की है। क्षेत्राधिकारी शंकर लाल ने बताया कि उसके कमरे से मिले डायरी के एक पन्ने में उसने माता–पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों के लिए बस 'गुडबाय' लिखा है। उन्होंने बताया कि छात्रा राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहतन गांव की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक छात्रा इस बहुमंजिले भवन के दूसरे तल पर अपने दो भाइयों एवं एक बहन के साथ रहती थी एवं राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए ऑनलाइन कोचिंग कर रही थी।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई के लिए एएसी तैयार, जानिए याचिका में क्या की गई है मांग ?



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया है। याचिका में रिपोर्ट की जांच शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराए जाने की मांग की गई है। पीआईएल याचिकाकर्ता एडवोकेट विशाल तिवारी ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए आज मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला के समक्ष उल्लेख किया। मुख्य न्यायाधीश द्वारा यह पूछे जाने पर कि मामला क्या है, अधिवक्ता विशाल तिवारी ने कहा–ऐसी ही एक याचिका कल भी आ रही है। यह हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित है जिसने देश की छवि को धूमिल किया है और नुकसान पहुंचाया है। दूसरे मामले के साथ इस पर भी कल सुनवाई हो सकती है। तिवारी द्वारा दायर जनहित याचिका में हिंडबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की सामग्री की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक समिति के गठन की मांग की गई है। सीजेआई ने अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और जनहित याचिका को एक और के साथ टैग करने का निर्देश दिया जो कल (10 फरवरी 2023) को सूचीबद्ध है। विचाराधीन अन्य याचिका सीरियल वादी एडवोकेट एमएल शर्मा द्वारा दायर की गई है और श्शॉर्ट–सेलिंगश को धोखाधड़ी का अपराध घोषित करने की मांग करती है। उक्त याचिका हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन के खिलाफ जांच की मांग करती है, ष्कृत्रिम क्रैशिंग की आड़ में शॉर्ट सेलिंग के माध्यम से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने के लिएष।

## मेरठ में सड़क पर नाच रहे बारातियों को तेज रफ्तार कार ने कुचला, तीन की मौत



मेरठ । उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में एक तेज रफ्तार कार के शादी में नाच रहे बारातियों के बीच घुस जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और जबकि चार अन्य घायल हो गए। इस दुर्घटना से गुस्साये लोगों ने कार चालक को पकड़ कर जम कर पीटा।पुलिस ने पिटाई से बुरी तरह जख्मी चालक को भीड़ के कब्जे से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस दुर्घटना में विकास(38), महेन्द्र (40) और वरुण(16) की मौत हो गयी और उनके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज गये। उन्होंने बताया कि जिस कार से यह हादसा हुआ उसे कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार चालक बिट्टू के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सिसौला खुर्द के ऋषिपाल के बेटे प्रभात की शादी किठौली के धीर सिंह की बेटी प्रिया के साथ हो रही थी और बाफर गांव के समीप ग्रीन लीफ मंडप में बरात आई थी। कुमार ने बताया कि मंडप के बाहर बारात में शामिल लोग गीत संगीत पर नाच रहे थे कि उसी दौरान मेरठ की तरफ से बागपत जा रही एक कार नाच रहे बारातियों के बीच घुस गई। उन्होंने बताया कि चार घायलों घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।





## बड़े मिशन पर भारत के जेम्स बॉन्ड, पुतिन से की मुलाकात



नई दिल्ली। आतंकवाद एक ऐसा मुद्दा है जिसको लेकर दुनियाभर के देशों की कोशिश है कि इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ा जाए। भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। राष्ट्रपति पुतिन के साथ भारत के एनएसए डोभाल और ईरान के एनएसए के बीच बैठक हुई है। मॉस्को में भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर बताया कि एनएसए अजीत डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा। भारत–रूस रणनीतिक साझेदारी को लागू करने की दिशा में काम जारी रखने पर सहमत हुए। अजीत डोभाल ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने आतंक के खिलाफ सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। एनएसए अजीत डोभाल ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किस भी देश को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए नहीं करना चाहिए। मॉस्को में अफगानिस्तान पर 5वीं क्षेत्रीय वार्ता में भाग लेते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएशए) अजीत डोभाल ने जोर देकर कहा कि भारत जरूरत के समय में अफगान लोगों को कभी नहीं छोड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने नई दिल्ली की स्थिति को भी दोहराया कि किसी भी देश को आतंकवाद और कट्टरपंथ के निर्यात के लिए अफगान क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डोभाल ने कहा कि आतंकवाद इस क्षेत्र में एक बड़ा खतरा बन गया है और दाएश और लश्कर–ए–तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों से निपटने के लिए गहन खुफिया और सुरक्षा सहयोग की आवश्यकता है।

## पंजाब के गुरदासपुर में सीमा के समीप पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया, बीएसएफ के गोलीबारी करने पर लौटा



चंडीगढ़। पंजाब के गुरदासपुर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद यह पड़ोसी देश लौट गया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर गुरदासपुर में आदिया सीमा चौकी के समीप ड्रोन दिखाई दिया और बल के जवानों द्वारा गोलियां चलाये जाने के बाद यह मानव रहित यान पाकिस्तान लौट गया। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन पर 16 गोलियां चलाईं और रोशनी पैदा करने वाले एक बम का भी उपयोग किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान जारी है।

# डीएम ने प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

## जिले में सजीव प्रसारण हेतु अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

बहराइच। सलखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारम्भ कार्यक्रम के अवसर पर 10 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 09 बजे से सावरियां गेस्ट लखनऊ रोड में आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय निवेश कुंभ के सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारी नामित किये गये है। नामित किये गये प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ चन्द्र द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनपद स्तरीय निवेश कुंभ को शासन की मंशानुसार सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय।

उन्होंने बताया कि मंच एवं गणमान्य अतिथियों के आमंत्रण की व्यवस्था हेतु पीडी डीआरडीए को प्रभारी व उपायुक्त मनरेगा व उद्योग को सह प्रभारी, खान–पान व्यवस्था हेतु उपायुक्त उद्योग को प्रभारी व डीएसओ, जिला अभिहित अधिकारी तथा उद्योग व्यापार मण्डल को सह प्रभारी, मंच एवं अन्य साज–सज्जा हेतु डिप्टी कलेक्टर डॉ. पूजा यादव को प्रभारी तथा बीएसए व डीपीओ को सह प्रभारी, ध्वनि यंत्र फोटोग्राफी हेतु पीडी डीआरडीए को प्रभारी व डीसी मनरेगा को सह प्रभारी, आगंतुकों को व्यवस्थित ढंग से बैठाने हेतु डीडीओ को प्रभारी, मुख्य कार्यक्रम का लखनऊ से प्रधानमंत्री व अन्य मणमान्य लोगों के सम्बोधन का सजीव प्रसारण हेतु डीआईओ एन.आई.सी. को प्रभारी तथा डीआईओ, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व डॉ. पीयूष नायक को सह प्रभारी का दायित्व सौपा गया है। इसी प्रकार निवेशकों को एम.ओ.यू. प्रदान करने हेतु संयुक्त आयुक्त उद्योग को प्रभारी तथा सांख्यकीय सहायक विजय शंकर श्रीवास्तव को सह प्रभारी, अतिथियों हेतु पुष्पगुच्छ व स्टेट पर फूलों की व्यवस्था तथा फूड प्रोसेसिंग पालिसी के प्रस्तुतीकरण हेतु जिला उद्यान अधिकारी को प्रभारी, किसानों व निवेशकों से सम्पर्क आमंत्रित करने हेतु उप निदेशक कृषि को प्रभारी तथा जिला कृषि अधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी को सह प्रभारी, सम्मानित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर डॉ. पूजा यादव को प्रभारी व उपायुक्त उद्योग को सह प्रभारी, मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रभारी तथा नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर व जिला सूचना अधिकारी को सह प्रभारी तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु नगर मजिस्ट्रेट को प्रभारी तथा एसडीएम सदर को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीएम पी.एन. यादव, उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी उद्यमी अशोक मातनहेलिया, बृजमोहन मातनहेलिया, गौरीशंकर भानीरामका, मनीष मल्होत्रा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# हजरत सुर्खः सालार के उर्स पर अकीदतमन्दों ने देश की उन्नति और खुशहाली के लिए मांगी दुआएं

बहराइच। नगर के मोहल्ला बख्शीपुरा दरगाह रोड स्थित हजरत सैय्यद सैफउददीन सुखरू सालार (रह0) का सालाना उर्स मुबारक बड़े ही जोश खरोश के साथ मनाया गयास इस अवसर पर मौजूद हजारों अकीदतमन्दों ने गागर– चादर के साथ मजार पर हाजिरी देते हुये कुल में शामिल होकर देश की उन्नति, खुशहाली एकता और भाईचारे की दुआएं मांगी साथ ही तुर्की, सीरिया में आये विनाश कारी भूकंप से पीड़ित नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुये ईश्वर से रहेम की प्रार्थना की।

दरगाह प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में हजरत सैय्यद सैफउददीन सुखरू सालार (रह0) के सालाना उर्स के अवसर पर आस्ताने पर बाद नमाज फजिर कुरआन ख्वानी हुईस जिसमें मदरसा के छात्रों व अकीदतमन्दों ने बड़ी संख्या में सम्मलित होकर कुरआन का पाठ कर अपनी मोहब्बत का इजहार कियस इसी के साथ पूरे दिन अकीदतमंद गागर चादर के साथ मजार पर पहुंचकर अपनी मन्नतें पेश करते रहे।इसके बाद आयोजित उर्स की महफिल का आगाज मौलाना ताहिर रजा की तिलावते कलाम पाक से हुआ और हाफिज इनायत उल्ला, कारी मेराज,मौलाना अजहर फारूकी,मौलाना अब्दुल अजीज नईमी, रईस सिद्दीकी, हाफिज शौकत अली ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया।

इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मौलाना अर्शदुल कादरी ने कहा कि बुजुर्गों के आसतानों से हमेशा जहां लोग रूहानी सुकून महसूस करते हैं, वहीं इन आसतानों से मोहब्बत व हमदर्दी और इन्सान दोस्ती का पैगाम दिया जाता हैस जरूरत है अल्लाह वालों के नक्शे कदम पर चलते हुये नफरतों का खात्मा किया जाय प्यार मोहब्बत और इंसान दोस्ती को आम किया जायसमौलाना ने कहा कि नबी (स0अ0) की मोहब्बत ईमान की जान और असल है अल्लाह पाक की बारगाह में वही बन्दा मकबूल है जिसका अकीदा कुरआन और हदीस के मुताबिक हो और अमल नबी की सुन्नत के मुताबिक हो एक मुसलमान की सबसे बड़ी और पहली जिम्मेदारी यह है कि वह कुरआन और हदीस पढ़ेस

इस कार्यक्रम को मौलाना खुर्शीद अहमद मिस्बाही ने भी सम्बोधित किया और संचालन मौलाना जाहिरुल कादरी ने किया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के सदस्य दिलशाद अहमद एडवोकेट, जमील अहमद फारूकी एडवोकेट, अब्दुल रहमान ६ बच्चे भारती ६ व मौलाना कमाल अहमद, कारी मो0 सलीम, मौलाना जहूर अहमद,मौलाना कलीम अहमद मसूदी, आबाद अहमद खान एडवोकेट, हाजी कबीर अहमद खान, खादिम ताज मो0, एजाज अहमद समेत बड़ी संख्या में दरगाह शरीफ के खादिम और अकीदतमंद उपस्थित थे।

# नगर पालिका कर्मियों ने बकाया वेतन हेतु उप जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार



बड़े–बड़े दावे कर जनता को हवाई सपने दिखा रही है युवा रोजगार के लिए दर दर ठोकर खा रहे हैं तो वही दूसरी तरफ जिन युवाओं को किसी तरह छोटे मोटे काम मिल गये है तो उन्हें सरकार महीनों की वेतन नहीं दे पा रही है जिसके लिए कर्मचारियों को आए दिन काम बंद कर धरना घेराव करना पड़ रहा है बताते चलें की बलरामपुर नगर पालिका परिषद में विभिन्न विभागों के सैंकड़ों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को लगभग 3 महीने का बकाया वेतन नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर ये नगर पालिका कर्मी कई दिनों से आवाज उठा रहे हैं इसी क्रम में उक्त कर्मचारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर बकाया बेतन शीघ्र दिलाने की मांग की उक्तअवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह आलोक दिनेश कुमार गुप्ता मदन गोपाल राजेंद्र कुमार वर्मा राहुल तिवारी नितिन कुमार पवन पांडे धर्मवीर मनीष कुमार धर्मेंद्र शुक्ला राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अवैध कटान को लेकर डीएफओ हुए सख्त तो विभाग में मची खलबली

बहराइच। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं, विधायकों,सांसदों को स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा पेड़ पौधों की जरूरतों पर लगातार संदेश दिए जाने के बावजूद जनपद में हरे पेड़ों व फलदार वृक्षों की कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है। बावजूद मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी अभियान में प्रशासनिक अमला ज्यादातर मामलों में नाकारा ही साबित होता रहा है और तो और जानकारी होने पर भी जिम्मेदार मौके पर पहुंचना भी गवारा नहीं समझते।जिसका एक उदाहरण तब देखने को मिला जब पत्रकारों को हरे पेड़ काटे जाने की सूचना मिलते ही दो पत्रकार मौके पर जा पहुंचे जहां लगातार हरे पेड़ों को काटा जा रहा था।जब इसकी सूचना तत्काल फखरपुर थाना एसएचओ को दी गई तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हुए कहा कि आप वन विभाग को सूचना दे दीजिए,जरूरत पड़ी तो एफआईआर दर्ज की जाएगी। मालूम हो कि घटनास्थल पर मौजूद ठेकेदार इरफान के भाई से कटान के बाबत पूछा गया तो उसने इरफान द्वारा पेड़ को कटवाए जाने की बात बताई गई व किसी महाराज जी को भी कटान में शामिल होना बताया गयास घटना स्थल पर कवरेज किए जाने के दौरान इरफान को मौके पर बुलाने की बात बताई गई और लगभग 30 मिनट के बीच लगभग आधा दर्जन से ऊपर लोग घटनास्थल पर आ गए और जबरदस्ती पेड़ कटवाए जाने की बात की जाने लगी।जिसमें अपना नाम राम छबीले बता रहे व्यक्ति ने पहले तो यह बताया कि परमिट के आधार पर ही पेड़ कटवाए जा रहे हैं,जबकि बातचीत के दौरान यह भी कहने लगा कि यह पेड़ में इसलिए कटवा रहा हूं क्योंकि मुझे अपनी बेटी की शादी करनी है।अगर डीएफओ साहब मुझे रूपये 5 लाख नहीं देते हैं तो मैं पेड़ कटवाउंगा।परमिट के बाबत पूछने पर उसने कहा कि परमिट देखना हो तो जाकर मेरे पत्रकार भाई रामानंद से लेकर देख लीजिए। मालूम हो कि उक्त कटान में विभागीय कंजरवेटर जुबेर का भी नाम सामने आ रहा है।लेकिन उक्त बाबत जब डीएफओ बहराइच से बात की गई तो उन्होंने बड़ी बेबाकी से कहा कि मेरे रहते जिले में अवैध कटान करने व करवाने वाला कोई भी शख्स बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह कितना भी पावरफुल क्यों न हो?और अपनी कथनी के अनुसार ही उनके द्वारा न सिर्फ कार्यवाही की गई बल्कि जांच क्षेत्रीय कर्मचारियों को न सौंपकर नगर के एक वरिष्ठ अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।जिसकी भनक क्षेत्रीय अधिकारियों को भी नही हो सकी।और करवाई गई जांच में हरे व फलदार वृक्षों के कटवाए जाने की बात सही पाई गई।उक्त संदर्भ में जब क्षेत्रीय कैसरगंज रेंजर प्रभारी विनोद यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे कर्मचारी श्री श्रीवास्तव अभी छुट्टी पर हैं दो दिन में मैं आपको कॉल बैक कर जानकारी दे दूंगा और श्री यादव द्वारा कॉल कर बताया गया कि उक्त प्रकरण में इरफान व राम छबीले को वसूली के लिए नोटिस भेज दी गई है।लेकिन जब उनसे मामले में संदिग्ध जुबेर के बारे में पूंछा गया तो बताया कि इसकी भी जांच करवाई जायेगी।फिलहाल परिणाम जो भी हो लेकिन संदर्भित प्रकरण के संदर्भ में डीएफओ द्वारा की गई कार्यवाही से विभाग में भी खलबली मच गई है।

# दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

अयोध्या। कोतवाली अयोध्या के नया घाट चौकी के ठीक सामने चाय का ठेला लगाने के लिए दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष ने झगड़े के दौरान दूसरे पक्ष की युवती के चेहरे पर गर्म चाय डाल दी। गंभीर रूप से झुलसी युवती को श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि नया घाट चौकी प्रभारी दुकान लगाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे थे। नहीं देने पर उसके बेटे को मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। इसके अलावा युवती के पिता ने पड़ोसी दुकानदार पर भी अपने नाबालिग बच्चे की पिटाई का आरोप लगाया है। दरअसल नया घाट पर एक दुकान चाय की संचालित होती है, जो काफी लंबे समय से चल रही है। ठीक उसी दुकान के बगल एक कौशल परिवार भी चाय की दुकान लगाने लगा था, जिसको लेकर दोनों में कई बार वाद–विवाद होता रहा है। कई बार पंचायतें हुईं, मामला थाना व चौकी तक पहुंचा तो स्थानीय चौकी इंचार्ज ने सुविधा शुल्क की मांग कर डाली है। यह आरोप पीड़ित लड़की के पिता ने नया घाट चौकी प्रभारी पर लगाए हैं। अयोध्या कोतवाली के निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों में दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान गैस पर रखें चाय का बर्तन लड़की पर गिर गया था। पीड़ितों के द्वारा चौकी इंचार्ज पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। पीड़ित परिवारों से बातचीत की गई है वह सिर्फ गुस्से में कहे जाने की बात कह रहे हैं।

# ठेकेदार से अतिरिक्ति कक्षा कक्ष निर्माण शुरू कराने का मामला गरमाया

## –ग्राम प्रधान ने मामले की महानदेशक बेसिक शिक्षा से की शिकायत

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय बसापुर में अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण का मामला गरमा गया है। विद्यालय प्रबंध समिति के गठन बिना ही विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदारी प्रथा के तहत कक्षा कक्ष का निर्माण शुरू करा दिया गया। हालांकि जानकारी के बाद कक्षा कक्ष के निर्माण हेतु ठेकेदार द्वारा लाए गए मजदूर निर्माण से हाथ खड़ा कर भाग खड़े हुए। समूचे प्रकरण की शिकायत ग्राम प्रधान सिधौना द्वारा महानिदेशक बेसिक शिक्षा को शिकायती पत्र भेजकर कर दी गई है। बताते चलें कि बेसिक शिक्षा परियोजना की ओर से मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिधौना स्थित प्राथमिक विद्यालय बसापुर परिसर में अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण हेतु आवंटित हुआ है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि बीते 28 नवंबर को जिलाधिकारी अयोध्या की ओर से जिले के समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधा समिति गठित किए जाने के आदेश निर्देश दिए गए थे जिस क्रम में उक्त विद्यालय मे विद्यालय प्रबंध समिति गठन किए जाने कितना तो कोई एजेंडा ही निकाला गया और मुनादी ही कराई गई थी। ग्राम प्रधान का आरोप है कि बिना विद्यालय प्रबंध समिति एवं निर्माण समिति गठित किए ही पहले तो विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा एक ठेकेदार को बुलाकर कक्षा कक्ष निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया किंतु जब ठेकेदार को फलक लगी तब वह मौके से भाग गया। इसके उपरांत बीते 7 फरवरी को बनकट निवासी आयुष सिंह बिहार के तीन मजदूरों को लेकर विद्यालय पहुंच गए और विद्यालय भवन में ही मजदूरों का डेरा डलवा दिया तथा निर्माण कार्य शुरू कराया था कि ठेकेदार एवं बिहार के मुजफ्फरपुर से आए मजदूर भाग खड़े हुए। मजदूरों का कहना है कि उन्हें बिहार के ठेकेदार संतोष सिंह बोला कर काम पर लाए थे और ठेकेदारी पर कक्षा कक्ष का निर्माण होना था। जबकि ग्राम प्रधान का आरोप है कि विद्यालय प्रबंध समिति अथवा बेसिक शिक्षा नियमावली में कहीं भी ठेकेदारी प्रथा से अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कराए जाने की कोई व्यवस्था ही नहीं है। यही नहीं ग्राम प्रधान के पति के मोबाइल पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत जिला समन्वयक निर्माण गिरजा शंकर पांडे से हुई वार्ता का एक ऑडियो भी वायरल हुआ है जिसमें डीसी निर्माण द्वारा ठेकेदार से अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कराए जाने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर डीसी निर्माण गिरजा शंकर पांडे ने ठेकेदारी प्रथा से विद्यालय में कोई भी निर्माण कराए जाने के सवाल पर कहा कि मेरे द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं कहा गया है और ठेकेदारी प्रथा से कोई भी निर्माण कार्य विद्यालय में कतई नहीं कराया जा सकता।

# उतरौला में चलाये जा रहे हैं आंदोलन का बलरामपुर विकास मंच ने किया समर्थन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के उतरौला क्षेत्र से संबंधित जन समस्याओं को लेकर कुछ समाजसेवियों द्वारा द्वारा आंदोलन किया जा रहा है उक्त समस्याएं काफी समय से लंबित हैं समय–समय पर उक्त मांगे उठाई जा रही हैं पर स्थानीय प्रशासन और मौजूदा सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण कुछ लोगों को मजबूरन धरना अनशन करने का सहारा लेना पड़ा जिसको लेकर बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि उक्त मांगों का निस्तारण स्थानीय प्रशासन शीघ्र कराएं अन्यथा हम लोग भी उक्त आंदोलन का हिस्सा बनेंगे तथा अन्य संस्थाओं से भी सहयोग लेकर यह लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी मिश्र ने बताया कि पूरे जनपद और विशेष कर उतरौला नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पान की दुकानों की तरह नर्सिंग होम खुले हैं जिसका कोई मानक नहीं है तथा आम जनता को लूट रहे हैं इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए जिसमें स्वास्थ्य विभाग की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध है इसी तरह अन्य मांगे जैसे अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों पैथोलॉजी सेंटर व अल्ट्रासाउंड सेंटर बस स्टेशन में बंद पड़े शौचालय का सुंदरीकरण कोतवाली के बगल बने शौचालय से वह रहे गंदे पानी का निस्तारण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कि भूमि को हस्तांतरण कराने व विद्यालय का निर्माण कराए जाने की मांगे आदि शामिल हैं।

# विमला विक्रम महाविद्यालय अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता 9 फरवरी से प्रारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज के मैदान में



फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन विमला विक्रम महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ आज देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर किया। आज का पहला मैच वाराणसी और धनबाद के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में वाराणसी एक गोल से जीता सिलीगुड़ी वेस्ट बंगाल के बीच खेला गया जिसमें 21 से सिलीगुड़ी ने विजय प्राप्त किया। इस आयोजन के संरक्षक सुनील सिंह टीटू भैया उत्तर प्रदेश रहे कॉमेंट्री का सोहेल सिद्दीकी एवं शाहिद अली के के हाथों रहा। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच धनबाद के गोलकीपर हिमांशु रहे। वहीं दूसरे मैच में सिलीगुड़ी के राजकुमार मैन ऑफ द मैच चुने गए बताते चलें कि कल का मैच काठमांडू नेपाल के साथ खेला जाएगा तथा उक्त कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा जिसका समापन फाइनल के दिन किया जाएगा।

# फाइलेरिया रोग उन्मूलन के 10 से चलेगा सामूहिक दवा सेवन अभियान

अयोध्या। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में फाइलेरिया रोग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सामूहिक दवा सेवन अभियान कार्यक्रम 10 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक चलाया जा रहा है फाइलेरिया संचारी रोग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि भारत में फाइलेरिया रोग मलेरिया रोग के बाद एक ऐसी बड़ी समस्या है जो विशेष जाति के वाहक मादा मच्छर क्यूलेक्स क्वीनक्वेफैसिएटस द्वारा संचालित होता है यह मच्छर मुख्यतः गंदे एवं प्रदूषित जल में ही अंडे देता है विश्व के 40 प्रतिशत और दक्षिण पूर्व एशिया के 70 प्रशित फाइलेरिया के मामले भारत में पाए जाते हैं भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम सन 1955 से शुरू किया गया फाइलेरिया रोग के समूल उन्मूलन हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सन 1997 में 7 राज्यों के 13 जनपदों में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के केवल 2 जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी समृद्ध 2004 में यह कार्यक्रम राज्य के 20 जनपद तथा 2006 से राज्य के जनपदों में चलाया जा रहा कार्यक्रम जनपद में दिनांक 10 2023 से 272 2023 तक आयोजित किया जाएगा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रोग के प्रसार को बाधित करना राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2002 के आधार पर सन 2023 तक फाइलेरिया का उन्मूलन जन समुदाय में रोग के प्रति जागरूकता व रोकथाम के उपायों की जानकारी देना दिमाग से जुड़ी परेशानियों का इलाज तथा उन्हें लाभदायक सुझाव देकर उनके जीवन को पीड़ा रहित बनाना। कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला स्तरीय संचालन समिति तहसील ब्लाक स्तरीय संचालन का गठन करना। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 125 से 130 की जनसंख्या पर 2 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम तैनात कर डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक को घर घर भ्रमण करके खिलाना एवं कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रचार प्रसार माध्यम द्वारा जन जागरूकता एमडीए के तहत सिंगल डोज मासथेरेपी अभियान के लाभ यहां रक्त पट्टिका संग्रह परीक्षण के खर्च को न्यूनतम कर देता है फाइलेरिया रोग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि एमडीए अभियान के दो मुख्य लक्ष्य हैं पहला समस्त लक्षित जनसंख्या को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा द्वारा आच्छादित करना दूसरा लिंम्फैटिक फाइलेरिएसिस के रोगियों को चिन्हित कर उन्हें रुग्णता प्रबंधन की जानकारी देना एल एफ के प्रभावित अंगों को तथा पांव को नियमित साधारण साबुन से अच्छी तरह धोकर साफ सूती तौलिया से सुखाएं रोग ग्रस्त अंग को चोट बाहरी आघात आदि से पूर्व बचाव करें एवं चोट जख्म खुजली होने पर चिकित्सीय परामर्श के अनुसार उपचार लें नियमित हल्का व्यायाम करने के साथ–साथ रात में सोते समय या लेटने की स्थिति में हाथी पांव से प्रभावित पैर के नीचे तकिया अथवा मुलायम स्तरों से ऊंचा रखें उन्होंने बताया कि खाली पेट दवा ना खाएं कुछ खाकर ही दवा खाएं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं अधिक बीमार व्यक्तियों को दवा ना खिलाएं सर्वप्रथम डीईसी की गोली का पानी के साथ सेवन करें एल्बेंडाजोल गोली का सेवन चबाकर करें ।

# राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा आयोजित शाखा संगम संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर,तुलसीपुर। राष्ट्रीय सेवा संघ द्वारा शाखा संगम कार्यक्रम बका आयोजन नगर में रमुना पार्क में एकत्रीकरण कर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक सुरजीत जी ने कहा कि संघ अपने शाखा पर व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है संघ की समाज में अपनी भूमिका है जिसका संघ निर्वहन करता है जिसमें प्रत्येक भारतवासी को भारत भक्त एवं देशभक्त कर अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता है इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 1 घंटे एक का समय शाखा पर आने से हो सकता है। शाखा संगम में नगर की सभी शाखाएं सामूहिक रूप से एक स्थान पर लगी शाखा पर होने वाले कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया उक्त अवसर पर जिला कारवां किरीटमणि जी,जिला सह कार्यवाह शैलेंद्र जी,प्रचारक अनिल, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू डीपी सिंह बैस,सेवा भारती विभाग संगठन मंत्री डॉ आनंद, नगर प्रचारक रावण, जिला संगठन मंत्री, अभिनव कुशाग्र, अभिषेक बीडीजी,प्रधानाचार्य जल के काले दाग जनार्दन पांडे, डॉक्टर राकेश चंद, जिला घुमंतू घुमंतू जाति प्रमुख आनंद, नितिन आदि प्रमुख स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# बजट संगोष्ठी,प्रबुद्ध सम्मेलन का कार्यक्रम लोहिया कला भवन में सम्पन्न







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ०प्र० सरकार विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द माधव की उपस्थिति में बजट संगोष्ठीध्प्रबुद्ध सम्मेलन का कार्यक्रम लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। बजट संगोष्ठीध्प्रबुद्ध सम्मेलन का द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ०प्र० सरकार विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि वर्तमान में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, यह अमृतकाल का पहला बजट भारत को एक समृद्ध, सम्पन्न, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति देने वाला, लोक कल्याणकारी और विकसित भारत बनाने की तरफ तेजी से ले जाने वाला बजट है। मैं इसके लिए देश के मशास्त्री प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री का हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ। इस वजह की सात प्राथमिकताएं हैं, जो सप्त ऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करैगी। वर्तमान में 5 लाख रुपये तक की आय वाले को कोई टैक्स नहीं देना पड़ता था। अब 7 लाख रुपये तक की सलाना आय वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। वरिष्ठ नागरिक वजन योजना के तहत 15 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 15.75 करोड़ शौचालय बनाए गये हैं। उज्जवला योजना के तहत 9.6 करोड़ विद्युत कनेक्शन दिए गये है। जीवन सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा के अन्तर्गत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा का लाभ दिया गया है। जनजातीय समूहों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए च्ड – च्टळज् योजना में 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बच्चों और किशोरों के लिए देश में राष्ट्रीय डिजीटल पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी, अगले तीन साल में एकलव्य स्कूलों में 38 हजार 8 सौ अध्यापकों व सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। 81 लाख स्वयं सहायता समूह के जरिए देश की ग्रामीण महिलाओं की सशक्तीकरण की तैयारी है। केन्द्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत 202 लाख करोड़ रुपये दिए गये हैं। देश में 47.8 करोड़ जनधन खाते खोले गये हैं जल जीवन मिशन योजना के लिए इस वर्ष 70 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए परिव्यय को 66: बढ़ाकर 79 (उन्यासी) हजार करोड़ रूपये अधिक किया गया है। बजट में परिवहन मंत्रालय को 5 लाख 17 हजार करोड़ रुपये दिए गये हैं, ये पिछली बार की तुलना में 1 लाख 65 ज्यादा है। हजार करोड़ रुपये इंजीनियरिंग संस्थानों में 5ळ सेवाओं का उपयोग कर अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना है। ताकि अवसरों, व्यापार माडल और रोजगार की संभावनाओं की एक नई श्रृंखला को साकार किया जा सके। वर्षों से लाखों ग्रामीण परिवारों ने मनरेगा के माध्यम से रोजगार प्राप्त किया है। कोरोना काल के दौरान भी लाखो प्रवासी श्रमिको को इसके तहत काम मिला था और खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं निरंतर इससे लाभान्वित हो रही है। रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का पूंजी परिव्यय प्रदान किया गया है, यह अबतक का सबसे अधिक परिव्यय है, जो वर्ष 2013–14 में किए गये परिव्यय का लगभग 9 गुना अधिक है। कृषि क्षेत्र, मूलभूत ढांचा निर्माण, प्ज् क्षेत्र में बढ़ोत्तरी और औद्योगिक क्षेत्रों को नई योजनाओं के लिए बेहतर नीतियों की घोषणा कर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं को रोजगार कराना उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। में इस केन्द्रीय बजट में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए हर साल 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। इसके अतिरिक्त हमारी सरकार ने रेलवे ढांचा निर्माण करने, 100 योजनाओं को शुरू करने एवं 50 नए एअरपोर्ट स्थापित करने की योजना बनाई है, इससे शहरी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेंगे। वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान भाइयों की उन्नति, प्रगति एवं विकास के लिए इस बजट में कई प्रावधान किए हैं. कृषि के लिए डिजीटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे समावेशी किसान केन्द्रित समाधान, फसल योजना, स्वास्थ्य के लिए प्रासंगिक सूचना किसान भाइयों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। कृषि इनपुट, करण और बीमा तक बेहतर पहुँच हो सकेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कई क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने का निरन्तर व लगातार प्रयास कर रही हैं। इन्हीं अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 10 फरवरी से 12 फरवरी तक इन्वेस्टर सम्मिट का आयोजन लखनऊ में किया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री साहित अनेक केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री सहित लगभग 20 देशों के प्रतिनिधि आ रहे हैं। कुल मिलाकर यह बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान, छात्र, छात्राओं, महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की आशाओं और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट निः संदेह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करती हूँ एवं हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व मंत्री उ0प्र0सरकार डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत साधना चौधरी, फतेबहादुर सिंह, दशरथ चौधरी, कन्हैया पासवान, दिलीप चतुर्वेदी, तथा अन्य उपस्थित थे।

# विधायक विनय वर्मा ने किया प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ







- शोहरतगढ़ के वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित है 7 दिवसीय गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने शांति और सौहार्द का प्रतीकात्मक गुब्बारा उड़ा कर, फीता काटकर तथा बैटिंग करके इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा को टूर्नामेंट के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह व महामंत्री रवि अग्रवाल सहित कोषाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद त्रिपाठी आदि पदाधिकारियों ने उन्हें बैज लगाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय बात किया। 7 दिवसीय प्रथम दिवस का मैच क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ वा मंडल क्रिकेट एसोसिएशन गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत के लखनऊ के कप्तान विपराज निगम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। खराब मौसम के कारण मैच देरी से स्टार्ट होने की वजह से मुकाबला 25–25 ओवरों का खेला गया। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए मंडल क्रिकेटर एसोसिएशन गोरखपुर की टीम निर्धारित 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 156 रन बनाए जिसमें अखिल ने 33 राहुल सिंह ने 30 निखिल राव ने 22 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की तरफ से विपराज निगम ने 3 व हिमांशु यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ नए कप्तान विपराज निगम के शानदार 65 व हिमांशु यादव के नाबाद 47 रनों की बदौलत इस मैच को 5 विकेट से जीत दर्ज कराई। मंडल क्रिकेट एसोसिएशन गोरखपुर की तरफ से दुर्गेश सिंह ने दो पंकज शुक्ला व राहुल सिंह ने एक–एक विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच लखनऊ के कप्तान विपराज निगम को दिया गया। इस दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट में अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, रवि अग्रवाल, विनय प्रताप सिंह, शिवपूजन वर्मा, विवेक मणि त्रिपाठी, योगेश वर्मा, विपिन मणि त्रिपाठी, राहिल कमाल, सुनील त्रिपाठी,, रवि सिंह, मनीष श्रीवास्तव, अंबिका त्रिपाठी, मनीष यादव एमआर संघ के अध्यक्ष अरुण पाठक आदि लोग रहे।

# मोबाइल नंबर लिखकर फेंकने के मामले में मारपीट तीन घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। पथरा थाना क्षेत्र के खोरिया रघुवीर सिंह में बृहस्पतिवार को कागज में मोबाइल नंबर लिखकर फेंकने के मामले में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के तहरीर पर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। खोरिया रघुवीर सिंह निवासी समीउल्लाह ने पथरा थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 फरवरी को मेरे ही गांव के साहिल सेगम ने मेरे घर के सामने कागज में मोबाइल नंबर लिखकर फेंका जो मेरे पड़ोस की महिला पाई और लाकर हमको दिखाएं जिसपर मैंने बृहस्पतिवार कोँ का उलाहना देने के लिए साहिल के घर पहुंचा जिस पर उनके घर वाले उग्र हो गए और हम लोगों को गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से पीटने लगे जिसमें समीउल्लाह वा उनके भतीजे साबिर अली और नसीम पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिए इस दौरान शोर–शराबा सुन काफी ग्रामीण इकट्ठा होकर बीच–बचाव किए जबकि दूसरे पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई इस संबंध में थाना अधक्ष राजेश तिवारी ने बताया की कागज पर मोबाइल नंबर लिखने को लेकर विवाद हुआ है जिसमें 3 लोग घायल हैं घायलों को मेडिकल उपचार के लिए भेजा गया है मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# अवैध अतिक्रमण फिर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत तहसील मुख्यालय के सामने मुख्यमार्ग से प्राइमरी स्कूल तक प्रशासन का बुलडोजर





चला जिससे अवैध अतिक्रमण को तोड़कर साफ कर दिया गया। उप जिला अधिकारी सदर डॉ0ललित कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रातः आठ बजे से राजस्व व पुलिस व नगरपालिका के टीम ने अतिक्रमण कारियो का बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। तहसीलदार रामऋषि रमन, ईओ मुकेश कुमार,नायब तहसीलदार बिन्द्रेश गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल राहुल मणि,गणेश त्रिपाठी,रामकरन गुप्ता,अवनीश त्रिपाठी, रवि पाण्डेय, देवेंद्र त्रिपाठी,सुधीर बक्शी, आदि उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी डॉ ललित कुमार मिश्र ने कहा कि कोई भी अवैध अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही कराई जाएगी उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा शासन की मंशा के रूप कार्य किया जाएगा।

# जिले मे देशी, विदेशी,बियर सहित मांडल शांप की दुकानों का व्यवस्थापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले में आबकारी दुकानों के नवीनीकरण का प्रथम चरण पूर्ण। इसमें देशी शराब की 159 दुकानों में से 150 दुकानें हुई व्यवस्थित ,जो कुल दुकानों का 94.34 है। विदेशी शराब की 64 दुकानों में से 54 दुकानों हुई व्यवस्थित, जो कुल दुकानों का 84.38 हैं। बियर की कुल 53 दुकानों में से 49 हुई व्यवस्थित, बियर की कुल दुकानों का 92.45 हैं । कुल 5 मॉडल शॉप में से 4 दुकानों का हुआ व्यवस्थापन ,कुल 80 मॉडल शॉप का हुआ व्यवस्थापन। भॉंग की दुकानों का शतप्रतिशत हुआ व्यवस्थापन ।जिले में 91.6 दुकानों का व्यवस्थापन हुआ। अगले चरण की अवशेष देशी शराब की 9 दुकानों (तेतरी नं 2, सेमरा, बेदौली, बरगदवा नं1, कपिया आनंदनगर चौराहा, नावडीह, डुमरियागंज नं2, चिताही चौराहा, आजादनगर ठ) , विदेशी शराब की 10 दुकानों (सिविल लाइन, महुआ पेट्रोल पंप, तेतरी नं1, करमा बाजार, पटेहरी इ, ऊंचडीह, इटवा, देवियापुर, महादेव घुरहू, डुमरियागंज), बियर की 4 दुकानों (सिविल लाइन, रेहरा, डुमरियागंज बस स्टॉप, डुमरियागंज) एवं 1 मॉडल शॉप (डुमरियागंज) के व्यवस्थापन की प्रक्रिया 20 फरवरी 2023 से प्रारम्भ होगी। ई लॉटरी के पहले चरण में ही सभी अवशेष दुकानों का व्यवस्थापन हो जाने की संभावना है।

# चर्चित उप चुनाव के सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मत पेटिका में कैद





- उप चुनाव में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत बड़े-बड़े दिग्गजों को करनी पड़ी वोटरों की परिक्रमा
- बीडीसी उप चुनाव में 1669 वोटरों के सापेक्ष 56.62 प्रतिशत हुआ मतदान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विकास खण्ड के क्षेत्र पंचायत संख्या 41 का बीडीसी उप चुनाव बड़ा ही रोमांचक रहा, इस उप चुनाव में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत बड़े–बड़े दिग्गजों को वोटरों की परिक्रमा करनी पड़ी। जानकारों की माने तो एक प्रत्याशी कन्हैयालाल अग्रहरि की माता के निधन के बाद उनकी बहू पुनः प्रत्याशी के रूप में नीलम अग्रहरि पत्नी कन्हैया लाल अग्रहरि को वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व परिजन समेत जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी तथा दलीय पदाधिकारियों समेत एक जाति वर्ग का समर्थन मिला और इसी चर्चा को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के एक अन्य उम्मीदवार अनिता पत्नी पिंटू पटेल की बीडीसी पद की उम्मीदवारी कम, ब्लॉक प्रमुख उम्मीवारी के रूप में ज्यादे देखा जा रहा था। यही कारण रहा है रमवापुर के बीडीसी उप चुनाव में दिग्गजों को उतरना पड़ा। तो वही एक और अन्य प्रत्याशी के रूप में उमेश यादव चर्चा में रहे जिन्होंने अपनी माता के नाम से पर्चा भरा था, वे 2 दिग्गज प्रत्याशियों के समकक्ष नही आ पाए। उप चुनाव में क्यों उतरे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत अन्य जातियों के दिग्गज– बीडीसी उपचुनाव में इस बात की चर्चा रही कि माता स्व० धूपा देई की मौत के बाद कन्हैयालाल अग्रहरि को गाँव की सहानुभूति व पेशेगत सहयोग के साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत एक जाति का समर्थन प्राप्त है तो वही पिंटू पटेल के समर्थन में बिरादरी के कई दिग्गज नजर आये, कि किसी तरह पिंटू पटेल के पक्ष में मतदान कराया जा सके, ताकि ब्लॉक प्रमुख पद को प्रभावित किया जा सके। पिंटू पटेल की जीत का क्या होगा परिणाम– पिंटू पटेल की जीत से रमवापुर नानकार उनका चुनावी क्षेत्र हो जाएगा यदि वे ब्लॉक प्रमुख के पद को प्रभावित कर सके तो चुनावी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है और आगामी समीकरण बदल सकते है। कन्हैया लाल अग्रहरि की जीत का क्या होगा परिणाम– जानकारों की माने तो बीडीसी रहते हुए कन्हैयालाल अग्रहरि की माता श्रीमती धूपा देई को क्षेत्र पंचायत निधि से कोई कार्य नही मिला था बल्कि इस उप चुनाव में कन्हैया लाल अग्रहरि को ब्लॉक प्रमुख प्रीति यादव का समर्थन मिला है। ऐसे में कन्हैयालाल अग्रहरि की जीत से प्रमुख पद को लेकर किसी प्रकार की कश्मकश नही रहेगी। हो सकती है बीडीसी सदस्यों की आकस्मिक बैठक– राजनीति के जानकरों की माने तो रमवापुर नानकार के उपचुनाव के बाद ब्लॉक प्रमुख अपने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर नई रणनीति बना सकते है, ताकि सभी लोगों के साथ विकास के मुद्दे पर बात कर विकास को नई दिशा दिया जा सके। बहरहाल उप चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव एवं सीओ जयराम के साथ इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय समेत सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रही। सकुशल उप चुनाव सम्पन्न हुआ।

शाम के बजे के बाद बूथ संख्या 155 प्राथमिक पाठशाला चोडार पर 293 मतदाताओं के सापेक्ष 199 लोगों ने मतदान किया। तो वहीं बूथ संख्या 34 जूनियर हाईस्कूल दक्षिणी (रमवापुर नानकार) पर कुल मतदाता 667 के सापेक्ष 373 मत पोल हुआ और बूथ संख्या 33 जूनियर हाईस्कूल उत्तरी (रमवापुर नानकार) पर 709 मतदाता के सापेक्ष 373 मत पड़े यानी कुल 1669 मतदाताओं के सापेक्ष 945 मत यानी 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ।

# सम्पादकीय

**दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य प्रादेशिक पार्टियों का लक्ष्य बहुत छोटा है। कांग्रेस का लक्ष्य अपनी मौजूदा सीटों की संख्या को दोगुन करने का है। अभी उसके पास 52 सीटें हैं और पार्टी के नेताओं का मानना है कि वे बहुत खुश हो जाएंगे, अगर सीटों की संख्या एक सौ पार कर जाए। यानी तीन अंक में पहुंच जाए। इसी को ध्यान में रख कर कांग्रेस की...**

## कांग्रेस और भाजपा के लक्ष्य का फर्क




वैसे तो कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कई मामलों में बड़ा फर्क है लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो लक्ष्य तय करने के मामले में दोनों में जमीन आसमान का अंतर दिखता है। कांग्रेस कभी भी बहुत बड़ा या महत्वाकांक्षी लक्ष्य नहीं तय करती है, जबकि भाजपा हमेशा बड़ा लक्ष्य तय करती है। कई बार उसे हासिल भी कर लेती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि लक्ष्य हासिल नहीं हुआ तो उससे हतोत्साहित होकर पार्टी ने अगली बार लक्ष्य छोटा कर दिया। अगली बार उससे भी बड़ा लक्ष्य रखा जाता है। मिसाल के तौर पर भाजपा ने अगले लोकसभा चुनाव में चार सौ सीट जीतने का लक्ष्य रखा है, जबकि कांग्रेस का लक्ष्य अपनी सीटों को दोगुना करने भर का है। भाजपा ने मिशन चार सौ के लिए काम भी शुरू कर दिया है। अपनी जीती हुई 303 लोकसभा सीटों के अलावा पार्टी ने 160 और सीटों की पहचान की है, जहां वह पिछली बार दूसरे या तीसरे नंबर पर रही थी या उस समय की उसकी सहयोगी पार्टी ने वह सीट जीती थी। इन 160 सीटों पर पार्टी ने केंद्रीय मंत्रियों की जिम्मेदारी लगाई है। हर मंत्री के जिम्मे तीन या चार सीटें हैं। इसके अलावा इन सीटों पर राज्यसभा के सांसदों को खासतौर से जिम्मा दिया गया है। साथ ही पार्टी ने एक लाख कमजोर बूथ की पहचान की है, जहां अलग से काम हो रहा है। बूथ मजबूत करने के लिए पन्ना प्रमुख बढ़ाए जा रहे हैं। अब मतदाता सूची के हर पन्ने के लिए दो प्रमुख नियुक्त करने की चर्चा है। ध्यान रहे भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 273 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था। उस समय तक भाजपा को पहले कभी पूर्ण बहुमत नहीं हासिल हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 और 1999 में पार्टी को अधिकतम 183 सीटें मिली थीं। इसलिए 273 का लक्ष्य बहुत बड़ा था, जिसे पार्टी ने हासिल कर लिया। उसे 2014 में 284 सीटें मिलीं। इसके बाद 2019 के चुनाव में लक्ष्य बढ़ा कर तीन सौ सीट का कर दिया गया। सारी पार्टियां और राजनीतिक जानकार इसका मजाक उड़ा रहे थे क्योंकि उनको लग रहा था कि इस बार भाजपा की सीटें घटेंगी पर उसने 303 सीटें जीत लीं। इस बार उसने चार सौ सीटों का लक्ष्य रखा है और उसे हासिल करने का प्रयास शुरू कर दिया है। दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य प्रादेशिक पार्टियों का लक्ष्य बहुत छोटा है। कांग्रेस का लक्ष्य अपनी मौजूदा सीटों की संख्या को दोगुन करने का है। अभी उसके पास 52 सीटें हैं और पार्टी के नेताओं का मानना है कि वे बहुत खुश हो जाएंगे, अगर सीटों की संख्या एक सौ पार कर जाए। यानी तीन अंक में पहुंच जाए। इसी को ध्यान में रख कर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हुई है। कांग्रेस की यात्रा जिन 14 राज्यों से गुजरी है उन राज्यों में भाजपा को अपनी सीटें बचानी हैं या बढ़ानी हैं। उसकी मिली ज्यादातर सीटें उन्हीं राज्यों में हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों का लक्ष्य तो और भी छोटा है। वे अपने जीतने की बजाय इस प्रयास में लगे हैं कि भाजपा की 50–60 सीटें कम कर देनी हैं ताकि उसको बहुमत न मिले।

## चुनियाँ ने गोस्वामी तुलसीदास को पाला पोसा था



वे बालक बड़े अभागे होते हैं जिन बच्चों की माता जन्म लेते ही काल के विकराल गाल में समा जाती हैं। ऐसा ही जननायक गोस्वामी तुलसीदास के साथ भी हुआ। प्रयागराज के समीप चित्रकूट धाम में राजापुर नाम के गांव में पंडित आत्माराम दुबे के यहां संवत 1554 की श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन अभुक्त मूल नक्षत्र में बारह महीने तक गर्भ में रहने के बाद गोस्वामी तुलसीदास का जन्म हुआ। जब तुलसीदास का जन्म हुआ तभी उनके मुख से राम शब्द निकला और उन्होंने अन्य नवजात शिशुओं की तरह रुदन नहीं किया । उनके मुख में बत्तीस दांत थे। इस विलक्षण बालक को देखकर पिता आत्माराम दुबे किसी अनिष्ट और अमंगल की आशंका से भयभीत हो गए और उस नवजात शिशु के विषय में कई प्रकार की कल्पनाओं से युक्त हो गए। यह देख माता हुलसी को बड़ी चिंता हुई। उन्होंने बालक के अनिष्ट की आशंका से दशमी की रात को नवजात शिशु को अपनी दासी के साथ उसके ससुराल भेज दिया और दूसरे दिन इस संसार से चल बसीं। जब तुलसीदास लगभग साढ़े पांच वर्ष के हुए तब चुनियां का भी देहांत हो गया। चुनिया की मौत के बाद वह रामबोला दर दर भटकने लगे। इस पर माता पार्वती को इस होनहार बालक पर दया आ गई। वे ब्राह्मणी का वेश ध ारण कर प्रतिदिन रामबोला के पास पहुंच जाती थीं। वे राम बोला को भरपेट भोजन करवाती थीं। इस बात के विषय में माता पार्वती ने भगवान शंकर को बतलाया। तब भगवान शंकर की ही प्रेरणा से राम शैल पर निवास करने वाले श्री अनंतानंद जी के प्रिय शिष्य श्री नरहर्यानंद जी ने रामबोला को ढूंढा। किसी गुरु द्वारा शिष्य को ढूंढ कर, ज्ञान प्रदक्षिणा की पहली ऐतिहासिक घटना है। रामबोला नाम गुरु नरहर्यानन्द जी का दिया हुआ है। रामबोला को गुरु जी अयोध्या धाम ले गए और वहां संवत 1561 माघ शुक्ला पंचमी , दिन शुक्रवार को बालक का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया। बिना दिखाए ही रामबोला ने विधिवत गायत्री मंत्र का उच्चारण किया, जिसे देखकर समुपस्थि सभी लोग आश्चर्य चकित हो गए। इसके बाद स्वामी नरहरि ने वैष्णव के पांच संस्कार करके रामबोला को राम नाम के महामंत्र की दीक्षा दी और अयोध्या में ही रहकर उन्हें विद्याध्ययन कराने लगे। राम नाम का महामंत्र ही उनके आगामी जीवन का आधार बना।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

## समान नागरिक संहिता : भारतीय परिवेश में है जरूरी

**घुड़दौड़ पर दांव लगाना भारत में तथा अन्य राष्ट्रों में विकसित सम्य समाज का दस्तूर और मनोरंजन समझा जाता रहा है। यूं घुड़सवारी सैनिक शौर्य का हिस्सा रही है। प्रसिद्ध अप्रेमी रॉल्फ कोल्फे ने कहा था कि दुनिया में कई खूबसूरत स्थल हैं पर सर्वश्रेष्ठ घोड़े की पीठ है। इस पर विचार आया कि मानव इतिहास भी घोड़ों की पीठ पर सवार होकर ही रचा गया। मोटर कार पर सवार होकर तो जाना जाता है ...**

कमलेश जैन

भारत में हिंदू स्त्रियों की स्थिति 200 वर्ष पहले दयनीय थी। पंडिता रमाबाई ने कहा था भारत तब तक तरक्की नहीं कर सकता और संसार के देशों में कोई स्थान नहीं बना सकता जब तक कि हिंदू घरों में हिंदू स्त्रियां जो मां भी है, की स्थितियां नहीं सुध ारती। बच्चियों को बालपन में शादी कर उपेक्षा के अंधकार में ढकेल दिया जाता है। इसके साथ ही अपने मातृ कर्तव्यों के बारे में अनजान, खासकर सामान्य पोषण संबंध ी नियमों से अनजान और ज्यादा निम्नस्तर को प्राप्त होती हैं। यह याद रखना होगा कि वह भी एक लड़की है तथा बच्चे को जन्म देकर मां बनती है। 14–15 की उम्र में उससे यह आशा नहीं की जा सकती कि वह अपने बच्चों का सही ढंग से पालन कर सकेगी। हम देख रहे हैं कि हिंदू रीति–रिवाजों एवं कानून में निरंतर सुधार हुआ है। सती प्रथा, बाल विवाह का विरोध हुआ है। कानून में भी आवश्यक बदलाव कर लड़कियों को जकडनों, बंधनों से मुक्त किया गया है। आज उनके विवाह की उम्र क्रमशरू बढ़ाकर 18–21 वर्ष की गई है, मुफ्त शिक्षा का उपहार दिया गया है।

हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में बदलाव लाया गया और लड़कियों की उम्र बढ़ाकर 18 वर्ष लड़कों के विवाह उम्र 21 वर्ष की गई और भी बहुत से बदलाव विवाह एवं तलाक के कानूनों में किए गए। इस कारण, आज उनकी स्थिति, शक्ति, आत्मसम्मान में काफी परिवर्तन हुआ है। ठीक इसी तरह मुस्लिम कानून में, स्त्रियों के लिहाज से परिवर्तन आज की मांग है। 1990 के दशक में भी इसकी जरूरत समझी जा रही थी। मैंने खुद श्एप्वाय सीपीएमएल की महिला विंग की कार्यकर्ताओं के साथ एक प्रश्नावली, बनाकर पटना का भ्रमण किया था। मैंने बल्ब बनाने वाली महिला से लेकर डॉक्टर तक का इंटरव्यू लिया।

सवाल थे– क्या उन्हें पढना, बाहर काम करना पसंद है, क्या वे पति की अकेली पत्नी बनकर रहना चाहती हैं, क्या उन्हें तीन तलाक की प्रक्रिया पसंद है, क्या उन्हें संपत्ति में अधिकार पसंद है, क्या तलाक के बाद मुआवजा या भरण–पोषण का अधिकार चाहिए आदि। करीब–करीब सभी ने यही कहा– हां पसंद है पर मजहब की पाबंदियों के कारण कुछ कह नहीं सकती। आज इन बहनों को भी इन जकडनों से निकलते की जरूरत है। शादी की उम्र अभी महज 15 वर्ष है। इतनी सी उम्र में शिक्षा मुश्किल से 10 क्लास हो सकती है और नौकरी कर अपने पांवों पर खड़े होने का सवाल ही नहीं उठता। यहां विवाह एक कांट्रेक्ट की तरह है जिसे कभी भी तोड़ा जा सकता है। पर यहां भी पुरुष को अधिक अधिकार दिए गए हैं।

मुहम्डन कानून की धारा 251 (2) के अनुसार पागलों और नाबालिगों (लड़का–लड़की) का विवाह उनके अभिभावक द्वारा 15 वर्ष से कम में भी हो सकता है। इसी कानून के अनुसार एक मुस्लिम लड़के का विवाह तोड़ा जा सकता है यदि उसकी सहमति विवाह पर नहीं है। इसके अलावा तलाक के नियम भी पुरुषों के अलग और स्त्रियों के अलग हैं। उन्हें तलाक के बाद मासिक भत्ता देने का रिवाज नहीं है। यह सिर्फ इद्दत भर है यानी तलाक देने से तीन महीनों तक। इसके अलावा स्त्री एक शादी कर सकती है जो कि ठीक है। पर पुरुष एक ही समय में 4 विवाह कर सकता है, और एक ही घर में रख सकता है और यदि वह पांचवां विवाह भी कर लेता है तो यह गैर कानूनी या गैर धार्मिक नहीं है, बस अनियमित है। ऐसी व्यवस्था में हर एक स्त्री को पति पर एकाधिकार नहीं होता जो उसे खुशी प्रदान कर सके। इसके अलावा शिया कानून में दो तरह के विवाह होते हैं– परमानेंट और मुता विवाह यानि अस्थाई।

एक शिया मुस्लिम, किसी भी धर्म की स्त्री यथा मुस्लिम, ईसाई, यहूदी या पारसी के साथ अस्थाई विवाह कर सकता है, पर किसी और धर्म वाली के साथ नहीं। पर एक शिया स्त्री किसी गैर मुस्लिम के साथ मुता निकाह नहीं कर सकती। इसमें शारीरिक संबंध एक तय अवधि के लिए बनाया जा सकता है। यह अवधि एक दिन, एक महीना, एक वर्ष या डावर यानी मुआवजा देना जरूरी है। इसमें यौन संबंध की अवध ि तथा श्डावस्य दोनों ही तय होने चाहिए। स्त्री पुरुष में यह भेदभाव स्त्रियों की खुशी उन्नति, शारीरिक सुरक्षा, समाज, देश में उसकी भागीदारी को आहत करती है। इसी प्रकार भारत में हर धर्म, संप्रदाय में यथा ईसाई, पारसी, हिंदू, आदिवासी सभी में स्त्रियों के अधिकार की दृष्टि से एक ही नागरिक संहिता होनी चाहिए। देश की आधी जनसंख्या यदि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों से वंचित रहे तो उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक संपदा, लाभ से राष्ट्र वंचित रहता है। ऐसा देश दुनिया के प्रगतिशील देशों की दौड़–विकास की तुलना में पीछे हो जाता है।

इसका असर राजनीतिक तो है ही सामाजिक भी है। जिस दिन महिलाएं अपनी सशक्त उपस्थिति देश की संसद, विध ानसभा, पंचायत, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, व्यापार में बराबरी से दर्ज कराएंगी तो देश अत्यंत ही सशक्त संतुलित और अहिंसक होगा। सामाजिक तौर पर शिक्षित, बालिग स्त्रियां आर्थिक रूप से मजबूत, बच्चों के पालन में संतुलित, जागृत होगी। कहा भी जाता है एक शिक्षित मां कई बच्चों की एक मजबूत आधारशिला होती है जिसके बच्चे परिपक्व और समझदार होते हैं। देश राजनैतिक परिवेश और घर समाज की समुचित उन्नति के लिए समान नागरिक संहिता अत्यंत ही आवश्यक है।

## विनोबा भावे : बापू के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी

**लोग उनकी एक झलक के लिए दूर–दूर से पैदल, रेलगाडियों और बसों–मोटरों में आते। सन् 1951 से 1970 के दरम्यान लगभग 10 लाख दानवीरों ने भूदान के तहत 42 लाख एकड़ भूमि का दान किया। वह नियमित दो बार सामूहिक प्रार्थना और ध्यान में भाग लेते थे। उन्हें मौन प्रिय था और वह आंतरिक वाणी को वरीयता देते थे। बीथोवेन की भांति वह भी बाद में बधिर हो गये थे। इमर्जेन्सी को ...**

डॉ. सुधीर सक्सेना

वे समर्पण की नजीर थे। पूर्णतरू एकनिष्ठ। किसी भी तरह के संशय से परे। अविचल और अडिग। चरैवेति के मंत्र को उन्होंने जीवन में उतार लिया था। उन्होंने अपने पांवों से इस महादेश को ओरछोर नापा। भाषाएं उनके चेरी थीं। कंठ में सरस्वती। प्रसिद्धि की चाह नहीं। आवश्यकताएं कम से कमतर। गीता पर अपूर्व और अनूठा अधिकार। अनुवाद में अद्भुत गति। संगीत से अनुराग। अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए दान की याचना। अहिंसाव्रती और श्जयाजगत्य के मंत्र–दाता.. यह थे विनोबा। संत विनोबा भावे। जन्मना विनायक नरहरि। आत्मा से सर्वोदयी। भूदान–यज्ञ के प्रणेता। राष्ट्र के शिक्षक। महात्मा गांधी के आध्यात्मिक या उत्तराध िकारी पुत्र। भारत छोड़ो आंदोलन के पहले सिपाही। श्रीमद्भगवतगीता के मर्मज्ञ और प्रवचनकार। साबरमती के संत के अनन्य अनुयायी। वह समस्त भारतीय भाषाओं के लिए उसी तरह एख लिपि के अनुयायी थे, जैसे तमाम योरोपीय भाषाओं के लिए एक रोमन लिपि। देवनागरी को वह समस्त भारतीय भाषाओं के लिए उपयुक्त मानते थे। उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन किया। प्रेम की अमोघ शक्ति और सत्ता में उनकी गहरी आस्था थी। वह कहा करते थे–श्मुझे प्रेम छोड़ कोई तकनीक नहीं पता, क्योंकि शक्ति में मेरा कोई विश्वास नहीं।22 लोक ने उन्हें ससम्मान श्आचार्यय कहकर पुकारा। कृतज्ञ राष्ट्र ने सन् 1983 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया। इससे पच्चीस साल पहली ही उन्हें प्रतिष्ठित रमन मैग्सेसे अवार्ड से विभूषित किया जा चुका था। महाराष्ट्र के कोंकण अंचल में 11 सितंबर, सन् 1895 को एक छोटे–से गांव गागोजी में उनका जन्म हुआ। नरहरि शंभुराव और रुक्मणिदेवी की पांच संताने थीं। चार बेटे विनायक, बालकृ ष्ण, शिवाजी एवं दत्तात्रेय तथा एक पुत्री। आधुनिक विचारों के पिता प्रशिक्षित बुनकर थे और बड़ौदा में रहते थे। विनायक का पालन–पोषण दादा शंभुराव भावे ने किया। वह महाराज सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा में पढ़े। वह अफनी मां रुक्मणी देवी से अत्यंत प्रभावित थे। कम उम्र में ही उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ी तो उसका उन पर अनन्य और अमिट प्रभाव पड़ा। वह आजीवन इस अमृतग्रंथ के पठन–पाठन, उस पर प्रवचन, टीका और अनुवाद से जुड़े रहे। उनके बारे में उनके घनिष्ठ सहयोगी मन्नारायण ने कहा–श्मुझे इस बात में रत्तीभर शक नहीं कि जब उनके भूदान–यज्ञ के अशेष तलाश कर सकना भी शोधकर्ताओं के लिए मुश्किल होगा। तब भी गीता पर उनकी विवेचना सदियों तक दमकती रहेगी। एक ऐसे महाऋषि के दमकते आभूषण के रूप में जो हाड़मांस में भारत भूमि पर रहता था।य्य कौन यकीन करेगा कि गीता पर उनकी टीका की भारतीय और योरोपीय भाषाओं में बीती सदी के अंत तक लगभग 25 लाख प्रतियां बिक चुकी थीं और नयी सदी में भी उसका बिकना जारी है। यह टीका कैदियों को तब दिये गये व्याख्यानों का परिणाम थी, जब वह सन् 1932 में फरवरी से जून के मध्य कारागार में थे। बंदियों में आस्था और ज्ञान के संचार के लिए उन्होंने लगातार 18 रविवार ये प्रवचन दिये थे। उन्होंने गीता को श्गीताईय शीर्षक से मराठी में अनुवाद किया। आरएम लाला लिखते हैं– श्आश्रम में विनोबा से मिलना एक विनम्र अनुभव था। उस व्यक्ति का जो विशिष्ट व्यक्तित्व और जो मानववाद उभरकर सामने आता था। उसके अलावा उनके भाषणों, व्याख्यानों और अध्ययन के फलस्वरूप जन्म लेने वाली पुस्तकों को पढ़कर एख अद्भुत अनुभव होता था। उनके ज्ञान का विस्तार आश्चर्यजनक था, क्योंकि उन्होंने तमाम विश्व धर्मों के सार तत्व का अध्ययन किया था और उस पर अनेक पुस्तकें प्रकाशित कराई थीं। कुरआन पढने के लिए उन्होंने अरबी सीखी। श्टॉक्स ऑन द गीताय संभवतः उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना थी। विनोबा भारतीय भाषाओं के लिए साझा लिपि के प्रबल पक्षधर थे। उनकी मान्यता थी कि साझा लिपि भारत के ऐक्य में सहायक होगी। उन्होंने एकबारगी कहा था–श्मैं एक सनकी हूं और मैंने एक नयी सनक अपना ली है।य्य वह खुद को श्बाबाय कहते थे। दिलचस्प तौर पर बाबा ने स्कूल में अंग्रेजी और फअरेंच सीखी थी, पर शीघ्र ही जर्मन, लैटिन और एस्पेरांतो भी सीख ली, क्योंकि उनकी लिपि एकसां थीं।

बापू से विनोबा के रिश्तों को जाने बगैर विनोबा को नहीं जान सकते। उन्हें बापू के विचारों और पाठों ने रचा था। बापू से उनका नाता एकबारगी जुड़ा तो फिर टूटा नहीं। इस रिश्ते की कहानी दिलचस्प है। महामना मदनमोहन मालवीय के नवस्थापित वाराणसी हिन्दु विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी के भाषण ने उन्हें पहलेपहल गांधी की ओर आकृष्ट किया। सन् 1916 का वाकया है। विनोबा इंटर परीक्षा के वास्ते बंबई जा रहे थे। रेलयात्रा में ही उन्होंने अखबार में छपा बापू का आलेख पढ़ा। लेख ने उनके भीतर ऐसी अलख जगायी कि उन्होंने स्कूल–कॉलेज के अफने सर्टिफिकेट आग में झोंक दिये। उन्होंने तत्काल बापू को एक खत लिखा। इस खत से दोनों के दरम्यां पत्राचार का सिलसिला चल निकला। बापू ने अपने से छब्बीस वर्ष छोटे विनोबा के मन की थाह पाई तो उन्हें पत्र लिखकर मुलाकात के लिए अहमदाबाद स्थित कोचरब आश्रम में आमंत्रित किया। 7 जून, 1916 को दोनों की भेंट हुई। नतीजतन विनोबा ने आगे पढने का इरादा त्याग दिया और आश्रम की गतिविधियों से मन, वचन और कर्म से जुड़ गये। अध्ययन, अध्यापन, साफ–सफाई, कताई, खादी का प्रचार–प्रसार, ग्रामोद्योग, नयी तालीम ही अब उनका ध्येय था। 8 अप्रैल सन् 1921 को वह बापू की इच्छा के अनुरूप आश्रम की स्थापना के लिए वर्धा गये। सन् 1923 में उन्होंने मराठी मासिक श्महाराष्ट्र धर्मय निकाला। बाद में यह पत्र साप्ताहिक हुआ और तीन साल चला। सन् 1925 में बापू ने उन्हें केरल में मंदिर में हरिजनों के प्रवेश की निगरानी के लिए वायकोम भेजा। सन् 20 और सन् 30 के दरम्यान विनोबा कई दफा जेल गये। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अहिंसक आंदोलन के नेतृत्व के लिए सन् 40 के दशक में उन्हें पांच साल के कारावास की सजा हुई। कारावास विनोबा के लिए वरदान सरीखा हुआ करता था। सींखचों के पीछे रहकर उन्होंने खूब पढ़ा–लिखा। वहीं उन्होंने ईशावास्य–वृत्ति लिखा और स्थितिप्रज्ञ दर्शन भी। वहीं उन्होंने दक्षिण भारत की चारों भाषाएं सीखी। वेल्लोर जेल में उन्होंने लोकनागरी लिपि का अविष्कार किया। वह सुर्खियों में तब आएष जब महात्मा गांधी ने अफने अहिंसक आंदोलन के लिए श्पहला सिपाहीय के तौर पर उन्हें चुना। उनके भाई बालकृष्ण भी गांधीवादी थे। बापू ने उन्हें और मणिभाई देसाई को उरली कांचन में उपचार आश्रम के लिए प्रेरित किया। विनोबा ने कुछ समय बापू के साबरमती आश्रम में भी बिताया। जिस कुटिया में वह रहते थे, उसे विनोबा कुटिर के तौर पर सहेजा गया। आजादी के बाद भी वह गांधी पथ से जुड़े रहे और विश्व को ओमतत्सत् तथा जयजगत का मंत्र दिया। बीती सदी के छठवें दशक में वह फिर सुर्खियों में आए। उनके भूदान–यज्ञ की कहानी सन् 1951 में आंध्र में पोलमपल्ली से शुरू हुई। जब जमींदार रामचंद्र रेड्डी ने विनोबा के आग्रह पर सौ एकड़ जमीन दान की। चौदह बरसों तक वह रोजाना बारह से पंद्रह मील पैदल चलते रहे।



# पीटरसन ने कहा, नियमों में बदलाव को लेकर एसए20 की राह पर चल सकता है आईपीएल

जोहानिसबर्ग। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) एसए20 की राह पर चलते हुए इस नवीनतम टी20 लीग के नियमों में बदलाव को अपना सकता है और लीग को और अधिक रोमांचक बना सकता है। पीटरसन ने एसए20 लीग में लागू किए गए बदलावों का समर्थन किया है जिसमें टॉस के समय 13 खिलाड़ियों को नामित करना और फिर बाद में अंतिम एकादश का चयन शामिल है। पीटरसन ने कहा, ''मुझे नए नियमों से कोई समस्या नहीं है। मुझे लगता है कि नए नियम बेहद अच्छे हैं। टॉस काफी अधिक भूमिका नहीं निभाता। एसए20 खेल में जो नयापन लाया है वह मुझे पसंद है। मुझे लगता है कि यह शानदार है।'' उन्होंने कहा, ''बोनस अंक देना भी शानदार है। आप देख सकते हैं कि बोनस अंक यहां भूमिका निभा रहा है। मेरे कहने का मतलब है कि आप नियमों में बदलाव करना चाहते हैं जिससे कि यह सभी के लिए और अधिक रोमांचक बने।'' इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये और इससे टीम को मिली सफलता पर पीटरसन ने कहा कि भारत को भी इसी तरह से खेलने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह मानसिकता है। मुझे लगता है कि उनके पास एक कोच है जो यह सुनिश्चित कर रहा है कि वे असफल होने से नहीं डरें। उन्हें असफलता की चिंता नहीं है। वे जब क्रीज पर होते हैं तो संभवतरू आउट होने के बारे में नहीं सोचते। वे बस असफलता के डर के बिना खेलते हैं।'' पीटरसन ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। मुझे लगता है कि अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद भारत बहुत धीमी बल्लेबाजी करता है। उनके पास खिलाड़ी हैं लेकिन फिर भी। उन्हें मैदान पर उसे दोहराना चाहिए जो इंग्लैंड कर रहा है।'' पीटरसन ने एक टी20 लीग फ्रेंचाइजी खरीदने की कोशिश की लेकिन धन की कमी के कारण सफल नहीं हो सके। हालांकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने भविष्य में किसी टीम के स्वामित्व से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, ''मैं बोली लगाने वालों में से एक था। हां, मैं किसी एक टीम को खरीदना चाहता था। लेकिन मेरे पास टीम का मालिक होने के लिए पर्याप्त धन नहीं था।''



यह पूछे जाने पर कि क्या क्रिकेट का खेल एकदिवसीय प्रारूप के बिना बेहतर होगा, विशेषकर द्विपक्षीय मुकाबलों के बिना तो पीटरसन ने कहा कि फिलहाल किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने कहा, ''हम यह नहीं कह सकते कि वनडे के बिना क्रिकेट बेहतर होगा क्योंकि हम अभी तक उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं। लेकिन हम भविष्य में ऐसा देख सकते हैं, हालांकि विश्व कप अभी काफी लुभावाना टूर्नामेंट है।'' सबसे छोटे प्रारूप के बारे में बात करते हुए पीटरसन ने कहा कि मनोरंजन के अलावा मुख्य रूप से इससे जुड़े पैसे के कारण यह प्रारूप बना रहेगा। उन्होंने कहा, ''यह यहां रहने के लिए है, टी20 में बहुत अधिक पैसा है। अब 50 ओवर का प्रारूप क्रिकेट के बहुत लंबे दिन की तरह लगता है। मुझे नहीं लगता कि आपको 50 ओवर के खेल में उतना मनोरंजन मिलता है जितना आपको टी20 में मिलता है। इस पर गौर करने की जरूरत है।'' पीटरसन ने कहा, ''मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए भी डरता हूं। और मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट को लेकर चिंतित हूं और मुझे लगता है कि जो तत्काल संतुष्टि हम सभी चाहते हैं वह टेस्ट क्रिकेट को नुकसान पहुंचा सकती है।

# तुर्की भूकंप मौतों का आंकड़ा 15 हजार के पार, –5 डिग्री तापमान ने बढ़ाया डर

तुर्की में आए भयंकर भूकंप की वजह से कई इलाकों में बड़ी बड़ी बिल्डिंग ताश के पत्तों की



तरह ढह गए। तुर्की में भूकंप के झटकों ने कई इमारतों को जमींदोज कर दिया। जिससे बड़ी तादाद में लोगों की जान गई और लोग घायल हो गए। तुर्की और सीरिया में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्ख्या बढ़कर 15,000 पार कर गई है। वहीं, घायलों की तादाद 35 हजार से ज्ध्यादा है। मरने वालों की संख्ध्या बढ़ने की उम्मीद है। बचाव के प्रयास 72 घंटे गुजर जाने के बाद भी लगातार जारी है। कि भूकंप से बचे 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को पहले तीन दिनों के भीतर बचा लिया गया है। राष्ट्रपति एर्दोगन ने भूकंप के केंद्र कहारनमारस का दौरा किया और प्रतिक्रिया में समस्याओं को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, ष्बेशक, कमियां हैं। इस तरह की आपदा के लिए तैयार रहना संभव नहीं है। बचाव कार्यों के लिए पहले 72 घंटे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ढह गई इमारतों के नीचे कुचले गए लोगों को चिकित्सा की आवश्यकता होती है या उनका खून बह जाता है। कई लोगों को तुर्की में ठंड के तापमान के कारण हाइपोथर्मिया होने की भी संभावना है। गजियानटेप में इस समय मौसम –5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। इस मौसम में भूकंप में बचे हुए लोगों को कारों में और टेंट में रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। तुर्की में भूकंप से आई तबाही के बाद भारत से मदद भेजे जाने का सिलसिला लगातार जारी है। गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से भारी तादाद में जरूरी सामान तुर्की भेजे गए। इसके साथ ही सीरिया में भी राहत और साम्रगी का एक विमान रवाना हो चुका है।

# बाइडेन के बयान से चीन को लगी मिर्ची, करने लगा कूटनीतिक शिष्टाचार की बात

जासूसी गुब्बारे को लेकर चीन और अमेरिका के बीच तनातनी लगातार बढ़ती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से साफ कर दिया गया कि उसकी



संप्रभुता के लिए खतरा उत्पन्न किया तो कार्रवाई करने से कोई गुरेज नहीं करेगा। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीनी मंशा को दुनियाभर के सामने उजागर भी किया। अब अमेरिका के इस कदम से चीन बुरी तरफ बिफर उठा है। वो अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान को गैर जिम्मेदाराना भी बताने लगा है। बीजिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की टिप्पणी को ष्बेहद गैर जिम्मेदारानाष बताते हुए उसकी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका की ओर से इस प्रकार की बयानबाजी बेहद गैर जिम्मेदाराना है और बुनियादी कूटनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है। बाइडेन और शी के बीच नवंबर की जी20 बैठक के बाद अमेरिका के आसमान में एक ऊंचाई वाले चीनी गुब्बारे की उपस्थिति के बाद अमेरिका–चीन संबंध बिगड़ गए हैं, जिसे अमेरिकी वायु सेना ने शनिवार को मार गिराया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि गुब्बारे को जासूसी के लिए बनाया गया था। वहीं चीन ने दावों से इनकार किया है, यह तर्क देते हुए कि यह एक मौसम अवलोकन उपकरण था। संदिग्ध जासूसी गुब्बारे को लेकर चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अगर अमेरिका की संप्रभुता के लिए चीन खतरा उत्पन्न करता है, तो आत्मरक्षा में कदम उठाए जाएंगे। अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते अटलांटिक महासागर के ऊपर संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को नष्ट कर दिया था। इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने रविवार को अमेरिका के इस बल प्रयोग के अंजाम की चेतावनी दी थी।

# मैनचेस्टर यूनाईटेड ने पिछड़ने के बाद लीड्स को बराबरी पर रोका

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर यूनाईटेड ने दो गोल से पिछड़ने के




बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीड्स यूनाईटेड को 2–2 से बराबरी पर रोका। विल्फ्रेड जिनोंटो (पहले मिनट) ने पहले ही मिनट में लीड्स को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे हाफ की शुरुआत में ही राफेल वेरेन (48 मिनट) ने आत्मघाती गोल दागकर टीम को 2–0 से आगे कर दिया। मार्कस रशफोर्ड (62वें मिनट) और जेडन सांचो (70वें मिनट) ने हालांकि आठ मिनट में दो गोल दागकर मैनचेस्टर यूनाईटेड को बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ के साथ हालांकि मैनचेस्टर यूनाईटेड ने दूसरे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर सिटी के बराबर पहुंचने का मौका गंवा दिया। दूसरी तरफ फुलहम ने संडरलैंड को 3–2 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। अगले दौर में फुलहम की भिड़ंत लीड्स से होगी।

# अल आहली को हराकर मैड्रिड Club World Cup के फाइनल में

रबात। रीयाल मैड्रिड ने मिस्र के क्लब अल आहली को 4–1



से हराकर क्लब विश्व कप फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी नजरे रिकॉर्ड में इजाफा करने वाले आठवें विश्व खिताब पर टिकी होंगी। रीयाल मैड्रिड की ओर से विनिसियस जूनियर, फेडेरिको वालवेर्डे, रोड्रिगो और सर्जियो अरिबास ने गोल दागे। अल आहली की ओर से एकमात्र गोल अली मालोल ने पेनल्टी पर मैच के 65वें मिनट में किया। फाइनल में रीयाल मैड्रिड की भिड़ंत सऊदी अरब की टीम अल हिलाल से होगी। अल हिलाल ने मंगलवार को ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को 3–2 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित की थी।

# चीनी सर्विलांस वाला गुब्बारा किसी बड़े प्रोग्राम का हिस्सा, भारत समेत कई देशों को बनाया निशाना

चीन के जासूसी गुब्बारे को लेकर तरह तरह के नए दावे रोज किए जा रहे हैं। अब अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि चीन का जासूसी गुब्बारा एक वैश्विक निगरानी प्रयास का हिस्सा है। जिसे तमाम देशों की सैन्य क्षमताओं के बारे में जानकारी एकट्ठा करने के लिए बनाया गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि चीन ने केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि पांच महाद्वीपों के कई देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। वहीं वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार जासूसी बैलून कई वर्षों से चीन के दक्षिण तट से आंशिक रूप से हैनान प्रांत से संचालित होता रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन के लिए उभरते रणनीतिक हित के लिए इसने जापान, भारत, वियतनाम, ताइवान और फिलीपींस के क्षेत्रों में सैन्य क्षमताओं के बारे में



जानकारी एकत्र की है। पोस्ट की रिपोर्ट कई गुमनाम रक्षा और खुफिया अधिकारियों के साक्षात्कार पर आधारित थी। अधिकारियों ने कहा है कि पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) वायु सेना द्वारा संचालित इन निगरानी हवाई पोतों को पांच महाद्वीपों में देखा गया है। एक सीनियर डिफेंस स्टॉफ ने कहा कि ये गुब्बारे पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) के गुब्बारों के बेड़े का हिस्सा हैं, जिन्हें निगरानी संचालन करने के लिए विकसित किया गया है। पिछले हफ्ते ट्रैक किए गए गुब्बारे के अलावा हाल के वर्षों में फ्लोरिडा, टेक्सास और गुआम में कम से कम चार गुब्बारे देखे गए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने दावा किया कि अमेरिकी वायु क्षेत्र में चीनी निगरानी गुब्बारों के उड़ने के चार मामले पहले भी सामने आ चुके हैं और अमेरिका में हाल में नष्ट किया गया चीनी गुब्बारा ''कई साल'' से जारी चीन के बड़े निगरानी कार्यक्रम का हिस्सा था। रक्षा विभाग के प्रवक्ता जनरल पैट राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि यूएस नदर्न कमांड नष्ट किए गए गुब्बारे के मलबे को हासिल करने की कोशिश में जुटा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका को इस बात की जानकारी है कि इससे पहले भी चार गुब्बारे अमेरिकी क्षेत्र के ऊपर उड़ाए गए हैं। अमेरिका में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भारत और जापान समेत कई देशों को निशाना बनाकर जासूसी गुब्बारों के एक बेड़े को संचालित किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत समेत अपने मित्रों एवं सहयोगियों को चीनी गुब्बारे संबंधी जानकारी से अवगत कराया है।

## वर्कशाप का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी,अज्ञात के खिलाफ तहरीर

मीरजापुर। मड़िहान कोतवाली के घोरावल मार्ग पर हरिहरा गांव स्थित वर्कशॉप का ताला तोड़कर रात लगभग दो लाख का सामान चोरी हो गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे मालिक ने देखा तो हैरान हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मड़िहान थाना क्षेत्र के हरिहरा गांव निवासी रिंकू पुत्र कैलाश पटेल की बेल्डिंग मटेरियल की दुकान है। दुकान के सामने वर्कशाप है। वर्कशाप में लोहे का खिड़की दरवाजा आदि का काम होता है। शाम को दुकानदार वर्कशॉप बंद कर घर चले गए। रात में मौका पाकर चोर सटर का ताला तोड़कर रेडीमेड दरवाजा, खिड़की, जनरेटर आदि उपकरण चोरी कर ले गए। मालिक सुबह दुकान पर पहुंचे तो टूटा दरवाजा देख दंग रह गया। वर्कशाप में समान तीतर बितर पड़ा था। बताया गया कि पिकअप सवार चोर रात में ताला तोड़कर जनरेटर समेत अन्य सामान उठा ले गए। रिंकू पटेल कार्रवाई के लिए अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय ने बताया कि सूचना मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मौजूदा चक्र की यह आखिरी ब्याज दर वृद्धि हो सकती है : Industry

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने इस वृद्धि के बाद उम्मीद जताई है कि बढ़ती महंगाई के बीच मई, यह ब्याज दरों में लगातार छठी वृद्धि थी, हालांकि मात्रा कम रही। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल मई से रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। सरकार ने यह कदम वैश्विक दबाव के बीच बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया था।




उद्योग मंडल एसोचौम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, "इसमें कोई शक नहीं है कि आज चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण के बीच आरबीआई–मौद्रिक नीति समिति के लिए महंगाई कम करना प्राथमिकता था और केंद्रीय बैंक ने बहुत प्रशंसनीय काम करते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखा है।" उन्होंने कहा, "सतत वृद्धि के व्यापक उद्देश्य को देखते हुए हमारा मानना है कि मौजूदा चक्र में यह ब्याज दरों में आखिरी वृद्धि है।''

आरबीआई ने दिसंबर, 2022 में रेपो दर 0.35 प्रतिशत, मई में 0.40 प्रतिशत और जून, अगस्त व सितंबर में 0.50 प्रतिशत बढ़ाई थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आरबीआई की नीतिगत समीक्षा पर कहा, "फिलहाल लगता है कि अभी महंगाई के ऊपर जाने का जोखिम हो सकता है, इसलिए ब्याज दरें बढ़ाई गई हैं। चालू वर्ष में दरों में कटौती की अधिक संभावना नहीं दिखती है।''

पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने रेपो दर बढ़ाए जाने के फैसले पर कहा कि इससे कारखानों में खपत की संभावना और उपभोग की मांग पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ महीनों से जारी महंगाई के बीच हम आगे नीतिगत दरों में ठहराव की उम्मीद कर रहे हैं।" एंड्रोमेडा सेल्स और अपनापैसाडॉटकॉम के कार्यकारी चेयरमैन वी स्वामीनाथन ने कहा, "आज रेपो दर में वृद्धि 0.25 प्रतिशत है, जिससे ईएमआई लगभग 2–4 प्रतिशत तक महंगी हो जाएगी। कर्जदारों को अपना ऋण चुकाने के लिए या तो हर किस्त में अतिरिक्त पैसा देना होगा या कर्ज का समय बढ़ाना होगा।"

उन्होंने समझाते हुए कहा, "मई, 2022 के बाद से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसके अंतर्गत मई, 2022 में सात प्रतिशत की ब्याज दर से लिए गए 70 लाख रुपये के आवास ऋण की मासिक किस्त (ईएमआई) 54,271 रुपये हो जाएगी।" उन्होंने इसके बाद कहा, "लेकिन अगर हम ढाई प्रतिशत की वृद्धि को जोड़ते हैं तो ब्याज दर 9.50 प्रतिशत हो जाएगी और ईएमआई 65,249 रुपये बैठेगी।" अबंस इन्वेस्टमेंट मैनेजर के सीईओ भाविक ठक्कर ने भी कहा कि रेपो दर बढ़ने से हर प्रकार का ऋण महंगा हो जाएगा। इस बार आवास ऋण लेने वाले लोगों पर इसका प्रभाव न केवल कर्ज की अवधि के रूप में होगी, बल्कि उनकी मासिक किस्त भी बढ़ेगी। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक तीन–छह अप्रैल, 2023 को होगी।

# बाढ़ पीड़ितों को सामने कर आईएमएफ से कर्ज देने के लिए गिड़गिड़ाने लगे बिलावल भुट्टो

पाकिस्तान की तंगहाली किसी से छुपी नहीं है। खैरात



का कटोरा लेकर वो कभी विश्व बैंक तो कभी अरब देशों के पास मदद मांगता फिर रहा है। वहीं पाकिस्तान के बिगड़ते आर्थिक हालात ने वहां के हुक्मरानों के तेवर भी ढीले कर दिए हैं। आलम ये हो गया है कि वो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने गिड़गिड़ाने लगे हैं। इतना ही नहीं पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टे तो बाढ़ पीड़ितों को सामने कर आईएमएफ से कर्ज देने की गुजारिश करते नजर आए। पाकिस्तान स्थित डॉन अखबार ने बताया कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान सरकार को देश में बाढ़ से प्रभावित लोगों की दुर्दशा पर विचार करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आर्थिक कठिनाइयों से सुरक्षित हैं।

पाकिस्तान फिलहाल रुके हुए बेलआउट कार्यक्रम के तहत बहुत जरूरी धन जारी करने के लिए आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत कर रहा है। सिंध में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण परियोजना का अनावरण करते हुए विदेश मंत्री ने सरकार और अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता से बाढ़ प्रभावित लोगों को ष्राहतष प्रदान करने का आग्रह किया। जरदारी ने कहा कि आईएमएफ सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों की यह जिम्मेदारी है कि वह ष्हमारी बेहतरी के लिए सुधारों का सुझाव दें लेकिन बाढ़ प्रभावितों को भी सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए ताकि वे मौजूदा स्थिति से बाहर आ सकें।

उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण देश को गंभीर नुकसान हुआ है क्योंकि 3.3 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं जबकि 50 लाख एकड़ में खड़ी फसल नष्ट हो गई है। आपदा के प्रभाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ष्कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लेकिन इस बाढ़ ने हमारी कमर तोड़ दी है। जियो न्यूज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान सरकार के बीच 900 अरब रुपये के राजकोषीय अंतर को लेकर गतिरोध है, जो एक कर्मचारी स्तर के समझौते को पूरा करने में एक बड़ी बाधा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के एक प्रतिशत के बराबर लगभग 900 अरब रुपये के बड़े अंतर की गणना की है।

# बांसी को हराकर फैजाबाद की टीम बनी विजेता

दैनिक बुद्ध का सन्देश
इटवा,सिद्धार्थनगर। बिस्कोहर नगर पंचायत बिस्कोहर के शाह ग्राउंड





के मैदान में आयोजित आठ दिवसीय प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में वृहस्पतिवार को एक मैच के साथ एक क्वार्टर फाइनल का मैच खेला गया। इस दौरान क्रिकेट मैच का वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता सुध ीर त्रिपाठी ने फीता काटकर व बैटिंग करके मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान पहला मैच पठान क्रिकेट क्लब बिस्कोहर व स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब फैजाबाद की टीम के बीच हुआ। इसमें बिस्कोहर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 39 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जीत का लक्ष्य लेकर फिल्ड में उतरी फैजाबाद की टीम ने 11 गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरा मैच क्वाटर फाइनल का स्पोर्टिंग क्लब फैजाबाद व बांसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। फैजाबाद की टीम ने टॉस जीतने के बाद बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 114 रन बनाया। लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी बांसी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस दौरान फैजाबाद टीम के बल्लेबाज प्रदीप को दोनो मुकाबलों में 7 विकेट लेने व 46 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुधीर त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी, गौकरण पाठक, सलीम राईनी, अध्यक्ष जाहिद राईनी, शाहिद सिद्दीकी, सद्दाम सिद्दीकी, मुमताज अहमद, असलम, इनाम शाह, मनीराम यादव, इनाम शाह, हुसैन, आसिफ, आरिफ, शमशाद राईनी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक सीख रहे हैं छात्रों में भाषाई एवं गणितीय दक्षता प्राप्त कराने के गुर

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी,सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन



के सम्मिलित सहयोग से बीआरसी मिठवल में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम बैच का दूसरे दिन का समापन खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा हुआ। जिसमें ब्लॉक गुणवत्ता समन्वयक ( प्रशिक्षण प्रभारी) शैलेश कुमार श्रीवास्तव के देखरेख में मिठवल ब्लाक संसाधन केंद्र पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण समस्त ।त्च् महोदय के द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रथम संस्था के जिला समन्वयक अंकित पटेल ने बताया कोरोनाकाल में हुए बच्चों के लर्निंग अंतराल को समाप्त करने हेतु कक्षा 4–5 के सभी बच्चों में भाषाई दक्षता एवम गणितीय दक्षता प्राप्त कराने हेतु प्रशिक्षण की दक्षताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला । इसी बीच आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार मिश्र के द्वारा भी प्रशिक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न तरीके बताएं। और प्रशिक्षण को पूरे मनोयोग से करने के लिए प्रेरित गया। ब्लॉक संदर्भदाता ।त्च् आनंद कुमार यादव,अशोक कुमार ,आदेश कुमार त्यागी ,सौरभ सिंह,और विक्रमादित्य जी तथा प्रथम से, सूर्यभान जी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# एसडीएम ने मौके पर समस्या का निस्तारण कराया

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। तहसील नौगढ़ के उसका थाना क्षेत्र के पिपरा तप्पा



निकसौली में 132 के.वी.विद्युत टावर निर्माण आ रही दिक्कत पर एसडीएम मौके पर जाकर समस्या का निराकरण कराया। कई महीनों से विद्युत विभाग टावर लगाने के लिए प्रयास कर रहा था लेकिन कुछ व्यक्ति द्वारा अपने खेत विधुत टावर लगाने से मना किया जा रहा था, जिससे टावर लगाकर तार खींचने में दिक्कतें आ रही थी मौके पर एसडीएम सदर डॉ0ललित कुमार मिश्र के अगवा में सीओ सदर अखिलेश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक व पुलिस पुलिस बल, राजस्व निरीक्षण शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल कृष्ण भूषण द्विवेदी, रामकरन गुप्ता, राहुल मणि त्रिपाठी, गनेश त्रिपाठी, कृष्णा नन्द चौधरी, कमलेश पाण्डेय, विद्युत विभाग के अधि ाकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बहुत ही जटिल समस्या का निस्तारित हो रहा।

# गर्भवती महिला की मौत के मामले में पति समेत सास–ससुर गिरफ्तार

सिसवा बाजार ( महराजगंज)। कोठीभार थाना क्षेत्र के सबयां बिचला टोला में दो साल की मासूम बच्ची के साथ गर्भवती महिला के संदेहास्पद मौत के मामले में कोठीभार पुलिस ने सास, ससुर व पति को गिरफ्तार कर लिया। सास व ससुर को जहां न्यायालय भेज दिया। वहीं, मृत महिला के अंतिम संस्कार के लिए पति को पुलिस अभिरक्षा में रखा। रात आठ बजे बनकटिया घाट पर मृत महिला के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई। गर्भवती गीता और मासूम दो वर्षीय अर्पिता की मौत के मामले में मृत महिला के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ससुर श्रीकिशुन, सास कलावती देवी व पति संदीप को गिरफ्तार भी कर लिया। पति संदीप को पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए रोक लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि घटना में सास व ससुर का चालान किया गया है। अंतिम संस्कार के बाद पति का भी चालान किया जाएगा। महिला से विवाद की बात आ रही सामने आंबेडकर नगर सबयां में हुई हृदय विदारक घटना में मृतका का दूसरी महिला से विवाद की बात सामने आ रही है। वार्ड वासियों का कहना है कि एक महिला की वजह से संदीप व उसकी पत्नी गीता में आए दिन विवाद होता था। दो दिन पहले भी उस महिला ने गीता का विवाद हुआ था जिससे गीता काफी आहत थी । मृतका के भाई निरंजन ने बताया कि सुबह संदीप ने फोन कर के गीता को मायके ले जाने की बात कही थी। उधर, संदीप का कहना है कि मोबाइल में दूसरी महिला कि तस्वीर देख आए दिन झगड़ा होता था। मेरा दूसरी महिला के साथ कोई संबंध नहीं है। सिर्फ शक के कारण गीता ने इस घटना को अंजाम दिया है। मृतका के घर पसरा सन्नाटाः घटना के बाद से ही मृतका के घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के हर घर में घटना को लेकर चर्चा होती मिली। ग्रामीणों ने कहा कि मृतका का स्वभाव अच्छा था। आए दिन हो रहे विवाद की वजह से दोनों के विश्वास की डोर कमजोर होती चली गई। घटना उसी का परिणाम है। घाट तक गए मृतका के पिता, भाई व मामाः पोस्टमार्टम हाउस से शव के मिलने के बाद मृतका के पिता, भाई व उसके मामा बनकटिया घाट तक साथ गए। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वे अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# फांसी के फंदे से झुलकर युवक की मौत, पीएम की कार्यवाही में जुटी पुलिस

मीरजापुर। जिगना थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव में बीए के छात्र की फांसी के फंदे से झुलकर मौत की सुचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गई। सत्यम उर्फ छोटू सरोज 20 वर्ष पुत्र गुलाब चन्द सरोज निवासी ग्राम सुमतिया थाना जिगना सुबह लगभग नौ बजे मकान के दुसरे तल पर बने टीन सेड मकान में लगे लोहे के ईंगल में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटक गया। कुछ देर बाद मां मीला देवी चाय देने के लिए आसपास खोजबीन की जब नहीं मिला तो छत पर बने टीन सेड कमरे के पास गई तो दरवाजा बन्द था आवाज देने पर भी कोई आवाज नहीं आई तो बने रोशनदान से देखा तो फांसी के फंदे पर छात्र लटका हुआ था। आवाज देकर आसपास के लोगों को बुलाया तो दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारकर पास के एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सक ने सत्यम उर्फ छोटू को मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रयागराज के मांडा स्थित एक महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र था। दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा व अविवाहित था। पिता गुलाब चन्द सरोज मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि बड़ा भाई सचिन सरोज जौनपुर में रहकर एक निजी संस्थान में नौकरी करता है। बिते रविवार को दादी इतराती देवी के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने बड़ा भाई सचिन घर आया था। मौत की खबर से मां मीला देवी व बहन सुमन का रो रो कर बुरा हाल है। पिता गुलाब चन्द सरोज ने बताया की अपने सारे कामकाज को छोड़कर बेटे को पढ़ाया लिखाया हर शौक पुरा किया आज हमें छोड़कर हमेशा हमेशा के लिए चला गया कहकर दहाड़ मारकर रो रहे थे। पिता की तहरीर पर पुलिस शव को कब्जे लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गई। जिगना प्रभारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

# तहसीलदार ने तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। राजस्व कार्यो,





कर–करेत्तर,की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त उपजिलाधिकारियोंध्तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कोर्ट केस अपडेट करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बैठक में उपस्थित समस्त एस0डी0एम0 व तहसीलदार को तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिया कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागो की वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, ही बाट–माप, परिवहन, विद्युत खनन विभागो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बाट–माप तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजारो में दुकानो को चेक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टाम्प कर, भू–राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। बाजारो में पॉलीथीन का प्रयोग न हो इसके लिए दुकानो पर छापेमारी कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्ति समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, ए0आई0जी0 स्टाम्प राजेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, ए0आर0टी0ओ0 अरूण प्रकाश चौबे, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, रवीन्द्र श्रीवास्तव, अनिरूद्ध मिश्रा तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# रघुवंश विभूषण कौशिक क्रिकेट ट्राफी, महोबे के नाम

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला,गोरखपुर। रघुवंश विभूषण कौशिक क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम कोहरा बुजुर्ग में आज फाइनल मुकाबला कोहड़ी बनाम महेबे के बीच खेला गया। जिसमें महोबे की टीम ने 40 रन के भारी अंतर से मैच जीत कर ट्राफी अपने नाम कर लिया। कोहरा बुजुर्ग के मैदान पर चल रहे रघुवंश विभूषण कौशिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला कोहड़ी और महोबे के बीच खेला गया। जिसमें कोहड़ी की टीम ने टास जीत कर पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया। महोबे की टीम ने अपने निर्धारित 12 ओवर के मैच में आतिशी पारी खेलते हुए191 रन बनाई। 192 रन का विजय लक्ष्य लेकर उतरी कोहड़ी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 151 रन बना कर आल आऊट हो गई। इस तरह महोबे की टीम ने कोहड़ी की टीम को 40 रन के भारी अंतर से हरा कर मैच जीत लिया। इस प्रतियोगिता के मैन




आफ दय मैच रितेश रहे। जो इस मैच में अपने बैट से 32 रन बनाए और 3 विकेट भी झटके। मैन आफ द सिरिज महोबे के पंकज सिंह रहे जो इस पुरे सिजन में सर्वाधिक 142 रन बनाए और 16 विकेट भी लिए। इस मैचमके कमेंटेटर नारायण चन्द रहे जो अपनी कमेंट्री से सबको अपनी तरफ आकर्षित करते रहे। अम्पायर साधु चन्द और प्रमोद चन्द स्कोरर नित्यम चन्द रहे। इस मैच के मुख्य अतिथि विवेक पाण्डेय और अध्यक्षता अनुराग चन्द ने किया। यहां मंच पर राजिव चन्द, अखिलेश चन्द, सुर्यदेव चन्द, अजय चन्द, गुड्डू चन्द, घनेश्याम चन्द, सतेन्द्र चन्द, अजय चन्द, अनिश ठाकुर आदि उपस्थित रहे। मैच के अंत में आयोजक प्रतिक चन्द और शशांक चन्द ने सभी आगंतुकों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मैच में अखिलेश इलेवन व कुबेरस्थान की टीम रही विजयी

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज कस्बे में प्रीमियर लीग 2023 कनोडिया इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज के मैदान में केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को पहला मैच अखिलेश इलेवन व पडरौना के बीच खेला गया।जिसमें अखिलेश इलेवन की टीम ने पडरौना की टीम को 93 रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पडरौना टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया अखिलेश इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए जबाब में पडरौना की टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 58 रन ही बना सकी। और 92 रनो से मैच हार गयी। अखिलेश इलेवन के खिलाड़ी सचिन गुप्ता को चुना गया। जिन्होंने 33 गेंद में 101 की पारी खेली साथ मे 1 विकेट भी लिया । पहले मैच के मुख्य अथिति गोलू मिश्रा रहे। दूसरा मैच मेलानगरी व सीपी हॉस्पिटल कुबेरस्थान के बीच खेला गया। जिसमें कुबेरस्थान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 10 ओवर में मेलानगरी की टीम को 150 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में मेलानगरी टीम 10 ओवर में 100 रन ही बना सकी और कुबेरस्थान ने यह मैच 49 रनो से मैच जीत लिया। कुबेरस्थान के ऑलराउंडर फैजान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया जिन्होंने 91 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि नीतीश रहे। संरक्षक संजय यादव व आयोजनकर्ता अंशु गुप्ता और सदस्यों में शुभम कश्यप, राहुल गुप्ता,दीपक, महफूज,दानिश, पंकज, सोनू पोलार्ड, शिवम,नौशाद, विशाल और चहल ने मुख्य अतिथियो व दर्शकों का आभार ब्यक्त किया।

# विदाई समारोह में स्कूली बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज कस्बा स्थित आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कन्या इंटर विद्यालय प्रांगण में प्रगति पथ विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय प्रकाश गौड़ विधायक रामकोला रहे ।विद्यालय के संस्थापक ज्ञानेश्वर सैनी ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया ।इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि तथा आए हुए सभी आगंतुकों को माल्यार्पण कर स्वागत किया ।स्काउट गाइड की बच्चियों ने विध ाायक को पुष्पगुच्छ देकर के स्वागत किया। राम गोपाल गुप्त एडवोकेट, डॉ सिराज अहमद ,बैजनाथ गुप्त ,रविंद्र गोड़ ,आनंद मिश्रा, उमेश कसौधन आदि आगंतुक उपस्थित रहे । आदित्य कुमार सैनी नाजिश खुशी चौधरी खुशबू पांडे आदि ने सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अतुल कुमार सैनी रवि कुमार सैनी बीपी चौधरी सोबरन प्रसाद रामगोपाल सुरेश नारायण पांडे बंदना पांडे कुमकुम नीतू कुमारी ,दुर्गावती देवी आदि अध्यापक तथा अध्यापिका उपस्थित रहे।

# गांव के लाल ने किया कमाल

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। हाल में ही जेईई मेंस का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें प्रखर




पाण्डेय पुत्र अरुण कुमार पाण्डेय ने भौतिकी में 97.07, रसायन में 97.57 तथा गणित में 93.07 परसेंटाइल लाकर गांव तथा परिवार के लोगों को प्रसन्न कर दिया। इनकी शिक्षा गुरुकुल ग्लोबल एजुकेशन, गोरखपुर से चल रही है। सिद्धार्थ नगर कालोनी,तारा मंडल रोड, गोरखपुर के रहने वाले प्रखर ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता पिता तथा मित्रों को दिया।जब लोगों ने उनके रिजल्ट के बारे में सुना तो खूब बधाईयां दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# गरीबों मे कम्बल वितरित कर मनाई पिता की 24 वीं पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला,गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के भटनीपार खुर्द निवासी समाजसेवी



रोहित कुमार मिश्र ने अपने स्व माता पिता की 24वीं पुण्यतिथि पर गोला विकासखंड में स्थित मदरिया प्रांगण में मंदिर के महंत दास जी महाराज की अध्यक्षता में गरीबों में कम्बल का किया वितरित। कम्बल वितरण करने के पश्चात कार्यक्रम मे मदरिया मंदिर के उत्तराधिकारी महराज ने कहा कि काफी कम उम्र मे ही माता–पिता को खो देने वाले रोहित में अपने पूर्वजो के प्रति अपार श्रद्धा भाव देख गर्व हुआ कि मिश्र ने अपने स्व माता–पिता की पुण्यतिथि को गरीबों तथा असहायों की सेवा कर मनाने का जो निर्णय लिया है। वह अत्यन्त ही सराहनीय है। सभी सामर्थ्यवान लोगों को इनसे प्रेरणा लेकर असहायों की सेवा अपनी सामर्थ्य अनुसार करनी चाहिए। मिश्र ने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा करना ईश्वर सेवा के समान है इसके उपरांत समाजसेवी विभिन्न स्कूलों में जाकर के बच्चों के बीच में पठन–पाठन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राघवेंद्र दुबे महेंद्र शर्मा उपप्रधान सुनील पासवान दिलीप मिश्र अंजनी शुक्ल रिंकू मिश्र मोनू तिवारी राहुल शर्मा पंकज दुबे विजय मौर्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला शिक्षक संघ की द्वितीय वर्ष गाठ मनाई गयी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ उरमौरा रावर्ट्सगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रथम महिला शिक्षिका ज्योतिबाफूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। तत्पश्चात् गायत्री त्रिपाठी द्वारा एक सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद सोनाली मजूमदार के द्वारा एक सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सभी लोगों ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाते हुए बधाई दी और संगठन को आगे बढ़ाने का निश्चय लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विभाग की दरकशा मौजूद रहीं। तत्पश्चात् सोनाली मजुमदार, शाजमा द्वारा महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए बहुत ही सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हम सभी के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि महिलाओं के हित को लेकर आवाज उठाने वाले संगठन महिला शिक्षक संघ का द्वितीय स्थापना दिवस जनपद में मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके बाद सुमन भारती, कोमल साहू ने कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित बहुत ही मनमोहक कविता प्रस्तुत की। महिला शिक्षक संघ सोनभद्र की जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी ने



कहा कि हमारा संगठन महिलाओं के हितों को लेकर सदैव प्रयासरत है। इसके पश्चात जिला महामंत्री कुंजलता त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने महिला शिक्षिकाओं को एक मंच दिया है इससे पूर्व किसी ने भी महिला शिक्षिकाओं के हित के विषय में नहीं सोचा अतः हम सबको एकजुट रहकर महिला शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करनी है और एक साथ मिलकर काम करना है। संगठन मेरा नही बल्कि हम सब का है, "सबका साथ हम सब का विकास" प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य महिला शिक्षकों के हक को लेकर संगठन का गठन कर इतिहास रचने का कार्य किया है एवं महिलाओं को उनके कर्तव्यों से परिचित कराया। इसी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला उपाध्यक्ष वर्षा वर्मा के द्वारा लैपटॉप के माध्यम से सालभर की कार्यों को दर्शाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रीता कुमारी, संगठन मंत्री नमिता सिंह, अर्चना सिंह विशाखा केडिया, जिलामंत्री रुचि राय, जिला मीडिया प्रभारी कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रावर्ट्सगंज शाजमा, ब्लॉक अध्यक्ष करमा अनुपमा सिंह, ब्लॉक महामंत्री करमा सुमन कुमारी भारती, ब्लॉक वरिष्ठ अध्यक्ष कमलेश कुमारी, ममता, सुषमा, श्वेता, परवीन बेगम सहित भारी संख्या में महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी और जिला मीडिया प्रभारी कोमल साहू द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों एवं शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## क्षेत्र में होती है भारी पैमाने पर टमाटर मिर्च की खेत, इस वर्ष नही हुआ किसानों को लाभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। करमा क्षेत्र टमाटर मिर्च की खेती के लिये



मशहूर है इस वर्ष तो वारिस समय से न होने से लगभग किसानों नें टमाटर व मिर्च की खेती भारी पैमाने पर कि उपज तो खूब हुई लेकिन उचित रेट न मिलना माल बाहर निर्यात न होना, रेट कम होने के कारण बाहर डिमांड न होना किसानों के घाटें का प्रमुख कारण रहा किसान बिजय प्रकाश तिवारी नें बताया कि कि 5 बीघा टमाटर की खेती किया हूं अभी भी खेत में टमाटर उपलब्ध है लेकिन कोई खरीदारी करने वाला नही है वही बिनोद पाण्डेय ने मिर्च की खेती 1 बिघा की है लेकिन लागत नही निकली नीरज तिवारी, अंजनी तिवारी, रामानंद मौर्य, भूनेश्वर प्रसाद, रामपति पटेल आदि किसानों ने बताया कि इस वर्ष लागत भी निकालना मुश्किल हो गया वही प्रमुख रजिस्टर्ड आढ़ती मौर्या एंड कंपनी प्रो, मोती लाल मौर्य व रेयांस ट्रेडर्स के रबिप्रकाश, मौर्य, जयप्रकाश व पठान ट्रेडिंग कम्पनी के मुस्तकीम ने बताया कि प्रमुख कारण माल बाहर निर्यात न होना रहा उसका कारण रेट न मिलना था इन लोगों नें बताया कि अगर क्षेत्र में चटनी मिलें होती तो माल खपत होता किसानों को लाभ मिलता।

## पुल के नीचे पलटा अनियंत्रित डीसिएम बाल–बाल बचा चालक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर स्थित मंगल बाजार कि मंडी से आलू लोड कर वाया मेंहदावल कैम्पियरगंज के लिए निकला





डीसिएम बेलौहा बाजार के आगे दलदला पुल के पास खाई में चला गया। घटना में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। घटना बृहस्पतिवार की भोर 04:00 बजे की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बांसी मंडी से आलू लादकर बेलौहा होकर कैम्पियरगंज के लिए जा रही डीसिएम संख्या यूपी 41 बी.टी. 2052 दलदला पुल के मोड पर अनियंत्रित होकर पुल से पहले दाहिनी ओर खाई में चली गई। डीसिएम में लोड आलू के बोरे जमीन पर गिर गए, गनीमत रही कि डीसिएम में मौजूद कोई हताहत नहीं हुआ।

# पैरामाउंट एकेडमी में हुआ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

### युसूफ, आर्या, आनंद सेन और आयु को अलग अलग क्षेत्रों में परफॉरमेंस के लिये मिला पुरस्कार

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। मैनेजमेंट की तरफ से सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में दिया गया।

इस अवसर पर गणतंत्र





प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पैरामाउंट एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार परफॉरमेंस के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के साथ साथ पूरे स्टॉफ को आज डुमरियागंज तहसील के अंतर्गत आने वाले पैरमाउंट एकेडमी में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परफॉरमेंस देने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में कॉपी, पेंसिल, और ट्रॉफी दिवस में शानदार कविता पाठ के लिए युसूफ को, लड़कियों में बेस्ट डांस परफॉरमेंस के लिए आर्या चौरसिया को, और लड़कों में बेस्ट डांस परफॉरमेंस के लिए आनंद सेन यादव को पुरस्कार दिया गया द्यतो वहीं बेस्ट एफर्ट फॉर डांस का पुरस्कार आयु श्रीवास्तव को दिया गया। गणतंत्र दिवस में सभी टीचिंग स्टॉफ और ऑफिस स्टॉफ के शानदार सहयोग के लिए उनको भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों में जबरदस्त खुशी की लहर देखी गयी। कक्षा 5 के छात्र आनंदसेन ने खुशी जाहिर करते हुए जहां डॉक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की तो वहीं कक्षा 4 की छात्रा आर्या चौरसिया ने आई ए एस बन कर समाज सेवा करने की बात कही साथ ही बेस्ट एफर्ट फॉर डांस परफॉरमेंस का पुरस्कार पाने वाले आयु ने आर्मी में जाकर देश सेवा की बात कही। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हमारी संस्था पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में चौमुखी प्रतिभा को विकसित करने का लगातार प्रयास करती रहती है साथ ही उन्होंने सभी बच्चों के शानदार परफॉरमेंस के लिए शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा, अखिलेश, लकी, नाजिया, ज्ञानेश्वर सहित सभी टीचर और प्रिया, अर्नव, साकिया, रजनीश, अग्रिका, नाजरीन, कोमल, दीपक, राज, खुशबू समेत तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

## लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम सहित अन्य अपराधों में वांछित नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

रावर्ट्सगंज,सोनभद्र। खान निरीक्षक जिला खनिज कार्यालय कलेक्ट्रेट लोढ़ी (उ0प्र0) ने विपक्षीगण द्वारा वाहनों को जबरदस्ती



छुड़वाने की कोशिश करना व सरकारी अधिकारीध कर्मचारीयों द्वारा वाहन को न छोड़ने पर सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करना व देख लेने की धमकी देने पर तथा गिरोह बनाकर उपखनिजों से भरे ओवरलोड व बिना परमिट के वाहनों को अधिकारियों का लोकेशन देकर पास कराना तथा राजस्व को क्षति पहुंचाते हुए आर्थिक लाभ कमाने के सम्बन्ध मे थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं सहित भादवि व 3ध्4 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मूखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त में वांछित नामजद अभियुक्त को वीर लोरिक पत्थर मारकुंडी पहाड़ी के पास से वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद ऐश खां द्वारा हमराहीयों के साथ चंद्रमणि पटेल पुत्र स्व0 ओम प्रकाश पटेल निवासी केवड़ा, थाना–चोपन, जनपद–सोनभद्र उम्र लगभग 39 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालयध्जेल भेज दिया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## अपहरण की सूचना पर हलकान हुई पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम अजगरा में पुलिस को सूचना मिली कि गांव के ही एक व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति को अपहरण कर बंधक बना लिया है जिस पर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचने पर पुलिस को मामला प्रेम प्रसंग का मिला । जिस पर पुलिस ने 2 लोगों को थाने पर ले आई जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर राजा को मेडिकल के लिए भेजा जानकारी के अनुसार पथरा थाना क्षेत्र के अजगरा गांव निवासी राजा श्रीवास्तव के अनुसार उनके ही गांव के जय गोपाल पांडे ने उनको 8 फरवरी को गोल्हौरा चौराहे से जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाने लगे जब राजा ने इसका विरोध किया तो उसको बुरी तरह मारते पीटते गाड़ी में बैठाकर उठा ले गए जहां पर 24 घंटे अजगरा में बंधक बनाए रहे जबकि जय गोपाल पांडे का कहना है कि उनकी पत्नी दिनांक 6 फरवरी को सुबह 4:00 बजे घर से गायब हो गई थी इसी दौरान राजा भी घर से गायब हो गया था 2 दिनों तक काफी तलाश करने के बाद जब इन लोगों का पता नहीं चला तो इसी दौरान जय गोपाल को राजा श्रीवास्तव गोल्हौरा में होने की सूचना पर पहुंचे और अपने पत्नी के बारे में पूछताछ करने लगे जिसके बाद दोनों लोग गाड़ी से गांव चले आए राजा से काफी पूछताछ करने के बाद जब उनकी पत्नी का पता नहीं चला तो जय गोपाल और राजा में कुछ हाथापाई हुई इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई कि राजा श्रीवास्तव को गांव के ही जय गोपाल पांडे ने अपहरण कर अपने घर में रखा हुआ है जिस पर पहुंची पथरा पुलिस ने दोनों को पथरा थाने ले आई इस बारे में पथरा थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है जय गोपाल की पत्नी व राजा श्रीवास्तव के बीच पूर्व से ही प्रेम प्रसंग की बात कहीं जा रही है। इस संबंध में 4 माह पहले भी दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की शिकायत हो चुकी है।इसी संदेह पर जय गोपाल, राजा से पूछताछ के दौरान मारपीट की घटना हुई है जिस पर राजा की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और राजा को मेडिकल के लिए भेज दिया गया मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आर्यावर्त बैंक शाखा रामगढ़ द्वारा ऋण अदायगी के लिए पकरहट में लगा कैप

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र रामगढ़ स्थित



आर्यावर्त बैंक शाखा पकरहट पहुंचे सदर उपजिलाधिकारी रमेश कुमार द्वारा ऋण अदायगी एवं शासन स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में चलायी जा रही ऋण योजनाओं की समीक्षा बैठक में शाखा प्रबंधक नदीम खान से ऋण वितरण और ऋणों की अदायगी की जानकारी ली। ग्यारह फरवरी को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में क्षेत्रीय वसूली अमीनो को दस–दस बड़े बकायादारों के ऋण वसूली के लिए निर्देशित किया गया। बैंक से जुड़े खाताधारकों को दी जाने वाली सुविधा तथा शासन स्तर संचालित की जाने वाली कृषि ऋण और विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को समय से मिले बिशेष चर्चा किया गया। इस दौरान बैंक शाखा के कर्मचारी तहसील से सभी सम्बंधित अमीन अशोक आर्य, हेमनाथ तिवारी, अवधेश कुमार एवं सम्मानित खातेदार उपस्थित रहे। साथ ही साथ उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की अगर सभी ऋणी द्वारा लोक अदालत अपना अपना रुपया जमा कर खाते बंद नहीं करता है तो ऐसी परिस्थिति में कुड़की / नीलामी की कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाएगा।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# घर की सफाई करने में आता है आलस, अपनाए ये 6 तरीके, बिना मेहनत अपने आशियाने को रखे नीट एंड क्लीन



घर में साफ सफाई की जिम्मेदारी मुख्यता घर की औरतों पर होती है। उन्हें ही घर को सजाने, उसे साफ रखने के लिए जिम्मेदार माना जाता है। हालाकि, इन दिनों ज्यादातर महिलाएं हाउस हेल्प या काम वाली लगाती है। हालाकि, मुश्किल तब बढ़ जाती है जब आपके पास कोई काम वाली नहीं हो और आप आलसी हो। खुद कुछ काम करना नहीं पसंद करती हो। ऐसे में घर को साफ कैसे रखा जाए ये एक बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे में हम आपकी मदद कर देते है। आज हम आपको 6 कारगर तरीके बताने जा रहे है जिनकी मदद से आप बड़ी आसानी से आपने घर की सफाई कर सकती है। तो चलिए जानते है इनके बारे में...

सुबह उठने के साथ ही करें बिस्तर ठीकः सुबह उठने के बाद सबसे पहला काम करे बिस्तर को ठीक करना। केवल बेड के व्यवस्थित रहने से ही आधा बेडरूम अपने आप ही साफ नजर आने लगता है।

घर में कम सामान रखें: घर में जितना ज्यादा सामान होता है उतना ही साफ सफाई का झंझट होता है ऐसे में आप उन चीजों को खरीदें जो कम जगह घेरता हो और एक साथ 2 से ज्यादा काम में आए। ऐसा करने से आपका पैसा भी बचेगा और सफाई की टेंशन से भी छुटकारा मिलेगा।

डोरमेट का इस्तेमाल करें

डोरमेट बाहर की गंदगी को घर में प्रवेश करने से रोकने का कारगर तरीका है। इसे आपको महीने में सिर्फ एक बार धोने की जरूरत होती है। हमेशा घर में कम से कम तीन डोरमेट रखें। इससे सफाई लंबे समय तक टिकी रहेगी और डोरमेट भी जल्दी गंदा नहीं होगा।

डस्ट मोब स्लिपर का करे इस्तेमाल

यदि आपको रोज झाडू लगाने के आलस आता है तो आप घर के फ्लोर को साफ करने के लिए डस्ट मोब स्लीपर का इस्तेमाल करें। इससे आप बिना एक्स्ट्रा मेहनत के आसानी से घर की सारी डस्ट साफ कर सकता हैं।

खाना बनाने के साथ–साथ करें सफाई

खाना बनाते समय ही किचन की सफाई कर लेने से समय की बचत होती है। साथ ही आपको अलग से काम करने की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है।

फ्रिज मेट यूज करें: फ्रिज को साफ करना एक बोरियत भरा काम होता है ऐसे में आप फ्रिज मेट का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ और ऑयल प्रूफ तो होते ही हैं साथ ही इनको साफ करना भी बेहद आसान होता है।

## शहजादा की एक्ट्रेस कृति सेनन की ड्रेस में लगे इतने कट, बेकाबू हो रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की खूबसूरती और बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। वहीं, लेटेस्ट ब्लू



आउटफिट में एक्ट्रेस कृति सेनन बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ब्लू कलर के कट आउट ड्रेस में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। कृति सेनन की कातिलाना अदाएं फैंस के दिलों को बेकरार किए हुए हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ब्लू कलर के बॉडीकॉन गाउन में सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। फैंस डीवा कृति सेनन की खूबसूरती पर अपना दिल हार बैठे हैं, साथ ही उनकी अदाएगी फैंस को काफी भा रही हैं। गोल्डन ईयरिंग्स के साथ मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस कृति सेनन गजब की बला लग रही हैं। कई कट के साथ एक्ट्रेस कृति सेनन अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी मिल चुका है। एक्ट्रेस कृति सेनन जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म शहजादा में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म सिनेमाघरों में 17 फरवरी को रिलीज हो रही हैं।






## कार्तिक आर्यन की शहजादा 10 फरवरी को नहीं होगी रिलीज, बदली गई तारीख




कार्तिक आर्यन की शशहजादाश इ रिलीज डेट में मेकर्स ने बदलाव किया है। फिल्म पहले 10 फरवरी को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इससे अगले हफ्ते रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव शाहरुख खान की श्पठानश की वजह से किया है। मेकर्स ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर रिलीज डेट बढ़ाने की वजह शाहरुख खान की श्पठानश को रेस्पेक्ट देना बताया है। आपको बता दे, शशहजादाश अल्लू अर्जुन की तमिल फिल्म श्अला वैकुंठप्रेमुलूश का हिंदी रीमेक है।

श्पठानश 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। शाहरुख खान ने अपनी कमबैक फिल्म के साथ इतिहास के पन्नों में अपनी गहरी छाप छोड़ दी है। रिलीज के बाद से ही पठान हर दिन नए रिकॉर्ड सेट कर रही है। पठान का तो हर तरफ जलवा ही जलवा है। फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। पठान की सक्सेस को देखते हुए मेकर्स ने अपने बयान में कहा, शहजादा को नई रिलीज डेट मिल गई है! यह पठान के सम्मान में है। कार्तिक आर्यन, कृति सैनन स्टारर यह फिल्म अब 17 फरवरी को रिलीज होगी।

शशहजादाश को रोहित धवन ने डायरेक्ट किया है। इसके प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद, भूषण कुमार, अमन गिल, कार्तिक आर्यन हैं। अल्लू अरविंद ने श्अला वैकुंठप्रेमुलूश को भी प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म के जरिए कार्तिक भी बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत कर रहे हैं। प्रीतम ने फिल्म के लिए गाने तैयार किए हैं। शहजादा एक्शन के अलावा कॉमेडी, ड्रामा और रोमांस से भरपूर फिल्म है। शशहजादाश में कार्तिक आर्यन और कृति सैनन के अलावा, मनीषा कोइराला, परेश रावल, सचिन खेडेकर और रोनित रॉय भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## अपनी शॉर्ट फिल्म पिल है कि मानता नहीं के लिए डायरेक्टर बने आर्य बब्बर

अभिनेता आर्य बब्बर अपनी नई शॉर्ट फिल्म पिल है कि मानता नहीं से बतौर निर्देशक डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।




फिल्म की स्टार कास्ट में शारिब हाशमी, गोपी भल्ला, चेष्टा भगत, नैन्सी ठक्कर, रशिका प्रधान और आर्या बब्बर शामिल हैं। यह बब्बर हाउस और परमार प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

प्रोजेक्ट के बारे में पूछे जाने पर, आर्य ने कहा, यह मेरे लिए एक बेहद रोमांचक प्रोजेक्ट था जहां मैं चाहता था कि दर्शकों को 30 मिनट की फिल्म में दो घंटे की फिल्म का मनोरंजन मिले।उन्होंने कहा, हम एक टीम के रूप में उत्साहित हैं कि हमने एक ऐसी फिल्म बनाई है जो सिर्फ ऐसी–वैसी कॉमेडी नहीं है बल्कि ऐसी है जो आज के ओटीटी दर्शकों से जुड़ती है और फिल्म का संदेश उनके साथ प्रतिध्वनित होता है।शॉर्ट फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी।

## ट्यूबरकुलोसिस क्या है? जानिए इस बीमारी के कारण, लक्षण और इलाज



ट्यूबरकुलोसिस यानी टीबी एक गंभीर रोग है, जो फेफड़ों को प्रभावित करता है। साल 2022 की विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना वायरस महामारी के कारण टीबी का इलाज बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ और इस वजह से सालों से लगातार घट रहे टीबी के मामलों में वृद्धि आ गई। भले ही यह एक पुराना रोग है, लेकिन कई लोगों को इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं है। आइए आज इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं। अधूरी जानकारी रोग को बना सकती है अधिक गंभीरः ट्यूबरकुलोसिस एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह भारत में हर एक लाख में से 210 लोगों को प्रभावित करता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्यूबरकुलोसिस में सबसे ज्यादा फेफड़ों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह हड्डियों और मस्तिष्क के साथ–साथ शरीर के किसी भी अंग में फैल सकता है। इस रोग का अधूरा इलाज बैक्टीरिया को अधिक घातक और इलाज के लिए कठिन बना देता है।

ट्यूबरकुलोसिस होने के क्या कारण हैं?: ट्यूबरकुलोसिस होने का मुख्य कारण माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के संपर्क में आना है। अगर आप इस रोग से संक्रमित व्यक्ति के साथ बहुत देर तक रहते हैं तो आपके इससे प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अगर आप धूम्रपान करते हैं या अस्पताल में काम करते हैं तो आपको यह रोग होने का खतरा अधिक है।

ट्यूबरकुलोसिस के लक्षण: सीने में दर्द, तीन हफ्ते से अधिक समय तक खांसी होना, खून वाली खांसी और बुखार इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसके अतिरिक्त, सांस लेने में तकलीफ, शाम के समय बुखार चढ़ना, भूख में कमी, तेजी से वजन घटना और थकान महसूस करना भी इस रोग के लक्षणों में शामिल समस्याएं हैं। इस रोग से शरीर के सभी अंगों का कामकाज भी काफी प्रभावित होता है।

ट्यूबरकुलोसिस का इलाजः ट्यूबरकुलोसिस का इलाज काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस प्रकार से पीडिग्त हैं। अगर इस रोग की शुरूआत है तो इसके बैक्टीरिया को दवा से मारा जा सकता है ताकि यह सक्रिय न रहे। आमतौर पर इसकी दवा का कोर्स नौ महीने तक रहता है। ध्यान रखें कि इलाज को नजरअंदाज करने या अधूरा छोड़ने पर ट्यूबरकुलोसिस मृत्यु का कारण बन सकता है। ट्यूबरकुलोसिस से बचाव के उपायः वैसे तो ट्यूबरकुलोसिस का इलाज संभव है, लेकिन इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतना सबसे अच्छा है। समय–समय पर अच्छे से हाथ धोना, वैक्सीनेशन करवाना और मरीजों के संपर्क में आने से बचना इसके कुछ निवारक उपाय हैं। अगर आप ट्यूबरकुलोसिस से पीडिग्त हैं तो किसी अन्य व्यक्ति के साथ होने पर मुंह पर मास्क लगाकर रखें और खांसते या छींकते समय रूमाल का इस्तेमाल करें।